# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

सोमवार

18 मार्च 2024

आपकी आवाज




लोकसभा चुनाव में चौंकाने वाला रिजल्ट आएगा: तेजस्वी 2



## बरसाना के लाडली जी मंदिर में भगदड़, 10 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

- लड्डू मार होली खेलने के लिए मंदिर में उमड़ी थी भारी भीड़
- भीड़ के दबाव के कारण एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश होकर गिरे इससे अफरा तफरी मच गई



**एजेंसी/मथुरा**

मथुरा के बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर में रविवार को राजभोग के दर्शन के दौरान भगदड़ मच गई। इससे करीब एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश हो गए। इनमें 10 लोग घायल हैं और 2 की हालत गंभीर है। आनन-फानन में उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। हालांकि, कुछ लोगों को मौके पर ही उपचार दिया गया। पुलिस के मुताबिक वहां पर अब हालात नियंत्रण में है। दरअसल, रविवार को बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर में लड्डू होली का आयोजन किया गया था। वैसे प्रतिदिन भीड़ होती है लेकिन रविवार को छुट्टी होने की वजह से मंदिर में काफी भीड़ जमा थी। करीब सवा बजे लाड़ली जी मंदिर में राजभोग के दर्शन के दौरान काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी दौरान भगदड़ मच गई, जिससे करीब एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश हो गए। सभी को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, भीड़ पर नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। हालात कुछ नियंत्रण में हुए ही थे कि शाम को लड्डू होली से ऐन पहले भीड़ के दबाव में फिर भीड़ बढ़ गई। इसमें दोबारा करीब एक दर्जन श्रद्धालु गश खाकर गिर पड़े। इन्हें भी उपचार देकर रवाना किया गया।

हालांकि इसके बाद भी गली में भीड़ का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा था। इस मामले में एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि बरसाना में लड्डू होली के चलते भीड़ का दबाव अधिक रहा। भीड़ को नियंत्रित करके मंदिर में भेजा जा रहा है। भगदड़ मचने की बात अफवाह है। अपील की जाती है कि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भीड़ के चलते दर्शन करने में एहतियात बरतें। इससे पहले सितंबर महीने में राधा अष्टमी के मौके पर मथुरा के बरसाना में बड़ा हादसा हो गया था। मंदिर में भगदड़ मचने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक राधा अष्टमी के मौके पर करीब 2 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। पूजा के दौरान भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान भगदड़ मच गई और दम घुटने दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई बेहोश हो गए।

### बृज में लड्डू होली की परंपरा

बृज में लट्ठमार होली की परम्परा बेहद प्राचीन है। दरअसल, बरसाने की हुरियारिनों से होली खेलने के लिये नंदगांव के हुरियारे आते हैं। इसके लिये बाकायदा एक दूत न्यौता देने नंदगांव पहुंचता है, जो आज के दिन लौटकर बरसाना आता है। इस दूत को यहां पांडा कहा जाता है। जब ये पांडा लौटकर बरसाने के प्रमुख श्रीजी मंदिर में पहुंचता है तो उसका स्वागत लड्डू फेंककर करते हैं।

## चीन ने फिर अलापा पुराना राग अरुणाचल प्रदेश को बताया अपना

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे के कुछ दिनों बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपनी ड्रैगन चाल चली है। चीन की सेना ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोका है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीन द्वारा दिया गया नाम) चीन के क्षेत्र का एक हिस्सा है और बीजिंग अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता।

चीन के रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को पोस्ट की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, झांग ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत द्वारा अपनी सैन्य तैयारी बढ़ाने के जवाब में यह टिप्पणी की। गौरतलब है कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को बार-बार खारिज किया है। चीन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने कहा कि मनगढ़ंत नाम देने से हर कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

### खबरें फटाफट

#### सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में अब दो जून को होगी मतगणना

**ईटानगर/नई दिल्ली :** चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही चार राज्यों में विधानसभा चुनावों की भी घोषणा की गई है। आयोग ने ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे भी लोकसभा चुनाव के नतीजे के साथ ही घोषित करने की घोषणा की थी। लेकिन अब आयोग की ओर से सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश में मतगणना की तारीख में बदलाव किया गया है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के साथ ही 19 अप्रैल को यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे। इन दोनों राज्यों में मतगणना 4 जून के बजाए अब 2 जून को होगी। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि दोनों राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है। ऐसे में किसी भी हालत में 2 जून तक मतगणना का काम पूरा हो जाना चाहिए। चुनाव आयोग की तरफ से इसी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। जबकि पहले चुनाव आयोग की तरफ से इन राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना की तारीख 4 जून तय की गई थी। अब चुनाव आयोग की तरफ से बताया गया कि यहां मतगणना 2 जून को होगी। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में कुल सीटों की संख्या 60 है। 2019 के चुनावों में एनडीए ने 41 सीटें जीती थी। विपक्षी दलों को काफी कम सीटें मिली पाई थीं। इसी प्रकार से सिक्किम विधानसभा की कुल सीटों की संख्या 32 है। यहां पर बहुमत का आंकड़ा 17 सीटों का है।

### पीएम मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

## 5 साल का रोडमैप और 100 दिनों का एक्शन प्लान बनाएं सभी मंत्री

- मंत्रिपरिषद की बैठक में विकसित भारत : 2047 के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्ष के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर किया गया मंथन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नयी सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रविवार की सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने चुनाव आयोग की सिफारिश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजकर सात चरण के संसदीय चुनाव की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही उस चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है। तीन मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में विकसित भारत : 2047 के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्ष के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। उस बैठक में, मई में नयी सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे और उसके शीघ्र क्रियान्वयन के बारे में चर्चा की गई थी। सूत्रों ने तब कहा था कि विकसित भारत के लिए रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। सूत्रों ने कहा था कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए सरकार का समग्र दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा था, विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए।

### आंध्रप्रदेश में बोले पीएम मोदी- त्रिदेव के आशीर्वाद से हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसले लेगा



**पलनाडु।** लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के पलनाडु में रैली की। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और एक्टर से नेता बने पवन कल्याण की मौजूदगी में पीएम मोदी ने यहां 4 जून को 400 पार का नारा दिया। पीएम मोदी ने कहा- पूरा देश कह रहा है कि 400 पार। 400 पार विकसित भारत के लिए। 400 पार आंध्र प्रदेश के लिए। बता दें कि सात चरणों के मतदान के बाद मतगणना 4 जून को होगी। पीएम मोदी ने रैली में कहा कि ह्यएनडीए गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय प्रगति दोनों के लिए है। इस चुनाव में एनडीए की ताकत और बीजेपी का समर्थन लगातार बढ़ रहा है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों की आवाज उठाते रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोग दो संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यहां के लोगों केंद्र में एक बार फिर से एनडीए की सरकार को वापस लाने का फैसला किया है। आंध्र प्रदेश के लोग राज्य सरकार से नाराज चल रहे हैं और वे ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के मंत्री भ्रष्टाचार में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

#### सरकार बनने पर मिलेगी ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का उद्देश्य विकसित भारत और विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। आंध्र प्रदेश में एनडीए की डबल इंजन सरकार होने से यहां के विकास को और ताकत मिलेगी. पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई है और आज मैं आंध्र प्रदेश में सभी के बीच हूं। यहां मुझे कोटप्पाकोंडा से ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद मिल रहा है. त्रिदेव के आशीर्वाद से हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसले लेगा।

**... और पीएम की अपील पर बिजली के टावर से नीचे उतरे लोग:** रैली के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई जब लोग पीएम मोदी को सुनने के लिए रैली स्थल के पास स्थित बिजली के एक टावर पर चढ़ गए। पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान जब कुछ लोगों को टावर पर चढ़े हुए देखा तो उन्होंने वहीं माइक से उन्हें टावर से फौरन नीचे उतरने को कहा। उन्होंने कहा कि बिजली के टावर पर चढ़ने से उन्हें करंट लग सकता है। उनकी अपील पर लोग टावर से नीचे उतरे।

## सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने की हो रही साजिश: आप

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने एक नया मामला खोल दिया है। इस बारे में आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को ईडी ने एक और मामले में समन भेजा। अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में तलब किया गया है। पहला दिल्ली शराब नीति मामले में 9वां समन भेजा और दूसरा दिल्ली जल बोर्ड मामले में पहला समन भेजा गया है। ईडी ने केजरीवाल को जल बोर्ड वाले में मामले में 18 मार्च और शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को बुलाया है।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी के मुताबिक दोनों समन लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के तीन घंटे बाद भेजे गए। मंत्री आतिशी ने कहा, 'हम ईडी द्वारा दर्ज मामले से अनजान हैं। समन में डिटेल नहीं है। अरविंद केजरीवाल को इस फर्जी मामले में तलब किया गया है।'



उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स पीएम के गुंडे बनकर रह गए हैं। मोदी अपने गुंडों के माध्यम से चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। आतिशी ने कहा, दिल्ली जल बोर्ड के इस मामले के बारे में कोई नहीं जानता। ये समन इसलिए भेजा जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को शक होने लगा है कि क्या वे एक्साइज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर पाएंगे। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए एक बैकअप प्लान की शुरूआत की जा रही है।

### किसान अपनी मर्जी से कहीं भी वोट करें, पर नोटा न दबाएं: टिकैत

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसान अपनी मर्जी से कहीं भी वोट करें। लेकिन नोटा के बटन का प्रयोग न करें। सरकार ताकत के बल पर आंदोलन को दबाने का काम करती है। पुलिस के बल पर किसानों को दबाया जा रहा है। किसानों को हर गांव से ट्रैक्टर आंदोलन शुरू करना होगा। किसान भवन पर आयोजित मासिक पंचायत में टिकैत ने प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के बिजली बिल माफ करने की घोषणा को शगूफा बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा चुनाव आचार संहिता लागू हुई है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा है। सरकार किसानों की जमीन छीन रही। शामली जिले के भाज्जू गांव से निकल रहे दिल्ली-देहरादून हाईवे पर किसानों की कट बनवाने की मांग पर उन्होंने कहा कि कट लगने के बाद किसान महंगे दामों पर जमीन बेचना शुरू न करें।






### उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर प्रदेश भर में लाभार्थियों के साथ किया गया संवाद

## सरकार की योजनाओं के लाभार्थी फिर बनेंगे गेम चेंजर

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। सभी दल तैयारियों में जुट गए हैं। पीएम मोदी ने इस बार एनडीए को 400 के पार पहुंचाने का संकल्प लिया है और ये संकल्प उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अधिक से अधिक सीटें जीतकर ही संभव है। इसी के चलते इस बार पीएम मोदी और सीएम योगी 80 में 80 का नारा दे रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश में 100 प्रतिशत का स्ट्राइक रेट का पूरा भरोसा है और इसका आधार वो लाभार्थी वर्ग है, जिस तक सरकार ने अपने कार्यकाल के 7 वर्षों में केंद्र और राज्य की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाया है। यह वो वर्ग है जिसकी आबादी उत्तर प्रदेश में किसी भी जाति, समुदाय से कहीं अधिक है। 2022 विधानसभा चुनावों में इस वर्ग ने खुलकर सीएम योगी का समर्थन किया था और यही वर्ग एक बार फिर गेमचेंजर के रूप में पीएम मोदी को तीसरी बार केंद्र की सत्ता की चाभी सौंपने में मददगार बन सकता है।

पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सीएम योगी ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया है। सबसे ज्यादा 15 करोड़ वो लोग हैं जो केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मुफ्त राशन का लाभ ले रहे हैं। यह लाभ किसी की जाति या धर्म पूछकर नहीं दिया जा रहा है, बल्कि बिना भेदभाव हर तबके और जरूरतमंद को इस योजना का फायदा मिल रहा है। कोरोना काल में लोगों को राहत देते हुए इस योजना की शुरूआत की गई थी, जो तब से लेकर अब तक बदस्तूर जारी है। इस लाभार्थी वर्ग ने 2022 चुनावों में सीएम योगी के समर्थन में मतदान किया था और अभी भी यह खुलकर समर्थन में खड़ा है। इसके अलावा राज्य में 1.75 करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन तक केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला स्कीम के तहत एलपीजी कनेक्शन पहुंचाए गए हैं। यही नहीं मनरेगा स्कीम के जरिए बड़ी संख्या में यूपी में ग्रामीण इलाकों में लोगों को तात्कालिक रोजगार प्रदान किया गया था।

### महायज्ञ में 'मतदान' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाएं: सीएम

**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में 'मतदान' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया, बल्कि ३फिर एक बार मोदी सरकार३ का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज से प्रारंभ हो रहे 'महापर्व' आम चुनाव में आप सभी मतदाताओं का हार्दिक अभिनन्दन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्पों से समवेत होते हुए आज पूरे देश में जन गण का मन फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज से ओतप्रोत है। जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से 'अबकी बार ठऊअ 400 पार' के संकल्प की सिद्धि अवश्य प्राप्त होगी। आप सभी मतदाता इस महायज्ञ में 'मतदान' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाएं। भारत माता की जय।

**यूपी में भी 7 चरणों में चुनाव:** मालूम हो कि एक तरफ जहां देश भर की 543 सीटों के लिए आम चुनाव 7 चरणों में संपन्न होगा तो वहीं यूपी की 80 सीटों के लिए भी सभी 7 चरणों में मतदान होगा। पहले फेज का नामांकन 27 मार्च को और वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। जबकि आखिरी फेज का नामांकन 14 मई और वोटिंग 1 जून को होगी। नतीजे एक साथ 4 जून को आएंगे। सबसे ज्यादा 5वें और 6वें चरण में 14-14 सीटों पर वोटिंग होगी। सबसे कम पहले फेज में 8 सीटों पर मतदान होंगे।

CMYK

## बीपीएससी ने पेपर लीक के आरोप लगने के बाद दी सफाई

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के कथित पेपरलीक के साक्ष्य दे ईओयू, समीक्षा के बाद लेंगे निर्णय

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार लोक सेवा आयोग ने अब आर्थिक अपराध इकाई से कथित पेपरलीक के ठोस सबूत की मांग कर दी है। रविवार शाम बीपीएससी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसमें लिखा कि 15 मार्च को बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई 3) के प्रश्न पत्र के कथित रूप से लीक होने का आरोप लगाया गया है। 16 मार्च को आर्थिक अपराध एवं साइबर अपराध प्रभाग ने एक जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कहा था कि शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया है। ईओयू द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन पर आयोग द्वारा की गई समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आयी है कि 15 मार्च को आयोजित परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व प्रश्न-पत्र लीक होने के सम्बंध में मानक साक्ष्य उक्त प्रतिवेदन में उपलब्ध नहीं है।

बीपीएससी की ओर कहा था गया कि जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक एवं साइबर अपराध प्रभाग विशेष टीम गठित कर 15 मार्च की सुबह पांच बजे ही हजारीबाग स्थित कई स्थानों पर छापेमारी कर उत्तर रटने के लिए सैंकड़ो की संख्या में अभ्यर्थी एकत्रित हुए थे। इसके बाद छापेमारी के क्रम में मोबाईल फोन, लैपटॉप, प्रिंटर, पेनड्राइव आदि बरामद हुए। इसके बाद बीपीएससी को प्रश्न-पत्र लीक होने के सम्बंध में पहली जानकारी 15 मार्च को दोपहर 02.30 बजे उपलब्ध कराई गई। जबकि उससे पहले दोपहर 12 बजे ही प्रथम पाली की परीक्षा समाप्त हो चुकी थी और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02.30 बजे प्रारम्भ हो गई थी।

बीपीएससी ने स्पष्ट कहा कि कथित प्रश्न-पत्र लीक का मामला आर्थिक अपराध इकाई द्वारा अनुसंधानान्तर्गत है। आयोग द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व प्रश्न-पत्र एवं उत्तर लीक होने सम्बंधी ठोस साक्ष्य की मांग आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से की गई है। ठोस साक्ष्य और वांछित सूचनाएं प्राप्त होने पर समीक्षा की जाएगी। इसके बाद शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की 15 मार्च को ली गई परीक्षा के सम्बंध में निर्णय लिया जाएगा।

### सरकार बदलते ही फिर शुरू हो गया खेल: राजद

**पटना।** बीपीएससी द्वारा ली गयी शिक्षक भर्ती परीक्षा में एक दिन पहले ही प्रश्न पत्र लीक होने के आरोप लग रहे हैं। जिसके बाद आर्थिक अपराध इकाई की जांच में कई सनसनीखेज खुलासा हुआ है। एक तरफ इस मामले में जांच चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने परीक्षा रद्द करने की मांग के साथ सरकार पर निशाना साध रही है। वहीं सत्ता पक्ष विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए उन्हें सुशासन का पाठ पढ़ा रही है। इस मामले को लेकर अब राजनीति शुरू हो गयी है। कांग्रेस और आरजेडी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उनके समय में रिकॉर्ड समय में रिकॉर्ड नौकरी दी गयी लेकिन सब ठीक था जबकि सरकार में बदलाव होने के साथ ही इस तरह के खेल शुरू हो गए हैं।विपक्ष के इस सवाल पर सत्तापक्ष की ओर से बीजेपी और जेडीयू ने मोर्चा खोलते हुए विपक्ष को कटघड़े में खड़ा किया और कहा कि उनके समय में नौकरी के बदले जमीन मामला चलता था। इस सरकार में सबकुछ नियमानुकूल है और यदि कही गड़बड़ी हुई है तो जांच पड़ताल करके कार्यवाई की जाएगी। एक ओर जांच पड़ताल जारी है वही दूसरी ओर राजनीती भी इस मुद्दे पर चरम पर है और मेधा वाले अभ्यर्थी परीक्षा को लेकर संसय में हैं और अपने भविष्य को लेकर भी।

### प्रश्न पत्र व उत्तर मुहैया कराने के एवज में लिये गए 10-10 लाख

पेपरलीक केस में बिहार पुलिस ने बड़ा दावा किया है। कहा है कि परीक्षा से एक दिन पहले ही तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। शिक्षक भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र एवं उत्तर मुहैया कराने के एवज में दस-दस लाख रुपये सॉल्वर गैंग ने लिया था। आर्थिक अपराधी इकाई की टीम ने हजारीबाग और पटना के करबिगहिया में छापेमारी कर कुल सॉल्वर गैंग के सदस्य और अभ्यर्थी समेत 313 लोगों को हिरासत में लिया। इनमें से 266 को जेल भेजा गया। इस कार्रवाई के बाद अभ्यर्थी शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग करने लगे हैं। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि मैंने पहले ही पेपरलीक का दावा किया था। अब तो बिहार पुलिस की ओर से भी स्पष्ट कर दिया है। छात्र नेता ने कहा कि कक्षा एक से पांचवीं के लिए हुई परीक्षा का उत्तर पहले ही वायरल हो गया। जांच में यह भी पता चला कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न से वायरल उत्तर मैच कर रहे हैं। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। बीपीएससी अध्यक्ष से मांग है कि वह शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द कर दें। अगर परीक्षा रद्द नहीं होगी तो हमलोग आंदोलन करेंगे।

# मुंबई जाने से पहले तेजस्वी बोले- लोकसभा चुनाव में इसबार चौंकाने वाला रिजल्ट आएगा

**केटी न्यूज/पटना**



मुंबई में राहुल गांधी की महारैली में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव पटना से रवाना हो गए। वहीं मुंबई जाने से पहले तेजस्वी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि देश में लोकतंत्र के महापर्व की शुरूआत हो गई है। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा। बिहार के लोगों ने 2 चीजें देखी हैं। 17 साल बनाम 17 महीने। दूसरा ये है कि केंद्र की सरकार ने 10 वर्षो में बिहार के लिए क्या किया? बिहार को ना स्पेशल पैकेज मिला, भाजपा की सरकार ने कोई भी काम नहीं किया। इसकी निंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके अन्य मंत्रियों ने भी की है। भाजपा में जाते ही सीएम कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। मैं उनकी मजबूरियों को अच्छे से समझ रहा हूं कि समझौता करना पड़ता है।

वही केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की भारत सरकार में जितनी सरकारी नौकरिया मिली होंगी हम चैलेंज करते है उससे अधिक हमने 17 महीने के कार्यकाल में बिहार के लोगो को देने का काम किए है। न महंगाई काम हुई न किसानो का मुद्दा हल हुआ , पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 40 में से 39 सीट पर जित हुई। भाजपा के 39 सांसदों ने कौन सा ऐसा काम कर दिया। कौन सा कारखाना ,फैक्ट्री बिहार में लगवाया। हमने बिहार में अपने कार्यकाल में बिहार में 50 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट का एमओयू साइन किया। बिहार में इन्वेस्टर मिट करवाया। लालू जी जब रेल मंत्री थे। बिहार में कई रेल कारखाना खोलवाया। कुलियों को पक्की नौकरी दिलवाई। वही बिहार में बीपीएससी प्रश्न पत्र लिक मामले पर तेजस्ववी ने सम्राट चौधरी पर हमला बोलते हुए कहा की 17 महीने में कोई पेपर लिक हुआ था क्या बिहार में। भाजपा की सरकार आते ही पेपर लीन होने लगा। ये तो गजब हो गया स्टूडेंट के एडमिट कार्ड के पीछे ही अंसार प्रिंट था। इसी को कहते हैं असल माफिया राज। सरकार बदलते ही पेपर लिक होने लगा भाजपा का जहां राज रहा वहां पेपर लिक होने लगा।




## बहन की सगाई के लिए कपड़ा खरीदने निकले किशोर की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव स्थित पोखरे के समीप रविवार की दोपहर एक चालक की मौत हो गई। वह सुबह ही बहन की सगाई के लिए कपड़ा खरीदने की बात कह घर से निकला था। मृतक चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव निवासी पप्पू रवानी का 17 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार था। वह ट्रैक्टर चालक था। हालांकि मौत का कारण की फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गयी।

किशोर की चाची सोनम देवी ने बताया कि रविवार को उसकी बहन आशा का आरा में रोका (सगाई) होने वाला था। उसे लेकर वह कपड़ा खरीदने जाने की बात कह सुबह करीब दस बजे घर से निकला था। कुछ देर जब उसकी मां ने उसके मोबाइल पर फोन किया था, तो कहा कि एक टेलर बालू गिरकर वापस आ रहा है। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। उसके कुछ देर बाद एक व्यक्ति द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी गई कि गोलू नाम का लड़का लोदीपुर गांव स्थित पोखरे के पास बेहोश पड़ा है। परिजन फौरन वहां पहुंचे, तो देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा था। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा देखा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सोनम देवी द्वारा गांव में किसी से दुश्मनी या विवाद होने से इनकार किया गया है। उनके द्वारा किसी तरह की आशंका भी नहीं जताई गई है। इधर, बहन की सगाई के दिन भाई की मौत से घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया है। खुशियों का माहौल गम में बदल गया। सुबह जिस घर में बेटी की सगाई जाने की तैयारी चल रही थी। वहां दोपहर होते-होते बेटे की अर्थी तैयार की जाने लगी थी।

## ट्रेन के पार्सल से भेजी गई शराब की बड़ी खेप बरामद

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

शराब के धंधेबाज अब शराब को परोसने के लिए रेलवे का इस्तेमाल करने लग गए हैं। ताजा मामला सामने आया है मुजफ्फरपुर से जहां ट्रेन के पार्सल से भी शराब भेजी जा रही थी, जिसे आरपीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि शराब की बड़ी खेप जयपुर से भेजी गई है। जिसे रेल पुलिस ने जंक्शन से पकड़ा है। उक्त खेप 19269 पोरबंदर एक्सप्रेस से पहुंची थी। बरामद शराब की कीमत 5 लाख से अधिक आंकी जा रही है। यह शराब की खेप जयपुर से रेलवे के पार्सल के द्वारा भेजी गयी थी। शराब धंधेबाज लगातार कार्रवाई से बचने के लिए अब रेल को अपना जरिया बना रहे हैं। शराब माफियाओं के द्वारा ट्रेन में टेट्रा पैक शराब को प्लास्टिक के 40 लीटर के जार में भरकर पार्सल किया था और जंक्शन से पार्सल को एक मालवाहक ऑटो में लोड करके इसको शहर में भेजने की तैयारी में था, लेकिन इससे पहले ही रेल पुलिस को सूचना मिल गई थी। सूचना के आधार पर रेल पुलिस और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया।

**जयपुर से बुक करके शराब मंगाई गई:** जिसके बाद से ट्रेन जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 5 पर पहुंची और ट्रेन के रछफ बोगी की जांच की गई, जिसमें 312 लीटर शराब बरामद की गई है। पूरे मामले में रेल जीआरपी के थानेदार रंजीत कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। जयपुर से बुक करके शराब मंगाई गई थी, जिसको जब्त कर लिया गया है। जिसके बाद से दो लोगों पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

## बेगूसराय में सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हो गई। चेरिया बरियारपुर निवासी कन्हैया साह नियोजित शिक्षक के रूप में वर्ष 2007 में योगदान दिया था और फिलहाल वह छौराही प्रखंड के परोरा मध्य विद्यालय में पदस्थापित थे। शनिवार को विद्यालय से घर लौटने के दौरान उनकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी।




## नालंदा में बदमाशों ने पत्रकार को मारी गोली

**नालंदा।** नालंदा में बदमाशों ने रविवार की शाम पत्रकार को गोलीमार जख्मी कर दिया। मामला नालंदा और दीपनगर थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके का है। जख्मी लहेरी थाना क्षेत्र के धनेश्वर घाट निवासी दीपक विश्वकर्मा है। आनन-फानन में दीपक विश्वकर्मा को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। यहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल से भी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दीपक विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ राजगीर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी बीच नालंदा थाने और दीपनगर थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर बदमाशों ने गोली मार दी। दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागनी विश्वकर्मा ने बताया कि लौटते समय अचानक राजगीर बिहार शरीफ मुख्य मार्ग पर तेज आवाज हुई और हम दोनों पति-पत्नी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। खून से लथपथ हालत में स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

गोली किसने और क्यों मारी है, इस वजह का पता नहीं चल सका है। वहीं घटना के बाद जिले के पत्रकारों में रोष देखा जा रहा है। गोली गले के पास में लगकर सीने में अटकी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी अशोक मिश्रा सदर स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी अनुसंधान में पुलिस जुट गई है। पीड़ित कुछ भी बोल नहीं पा रहे हैं।






# आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू कराने को जिला प्रशासन अलर्ट

- एक जून को बक्सर लोकसभा का होगा मतदान, डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से किया प्रेसवार्ता

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

18वीं लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को जारी कर दिया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभाव हो गया है, जिसको जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुटी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर जिले में लगाये गये राजनीतिक बैनर-पोस्टर को हटाने का निर्देश दिया गया है। बैनर-पोस्टर नही हटाने वाले पार्टी के कार्यकताओं पर आचार संहिता की कार्रवाई की जायेगी। रविवार को समाहरणालय परिसर के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मनीष द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। इस दौरान डीएम ने कहा कि संपूर्ण जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। सभी जिला, अनुमंडल या प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन हेतु विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के तहत प्रशासन ने विभिन्न पार्टियों द्वारा चुनाव के दौरान निकाले जाने वाले रोड शो के दौरान बच्चों के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। ऐसे रोड शो की अनुमति निर्वाचन शाखा द्वारा नहीं दी जायेगी। अगर रोड शो में नाबालिग बच्चें देखे गये तो आयोजकों पर कार्रवाई करने का प्रावधान बनाया गया है। चुनाव आयोग आयोग के निर्देशानुसार 33-बक्सर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक जून को मतदान की तिथि घोषित है। जिले में अधिसूचना जारी होने की तिथि 7 मई, नामांकन की अंतिम तिथि 15 मई, नाम वपसी 17 मई, मतदान 1 जून तथा मतगणना 4 जून को निर्धारित है। बक्सर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा शामिल है, जिसमें दिनारा विधानसभा क्षेत्र रोहतास जिले में तथा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र कैमूर जिले में शामिल है जबकि जिले के डुमरांव, ब्रम्हपुर, बक्सर एवं राजपुर विधानसभा बक्सर जिले में शामिल है। जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1940 है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1002038, महिला मतदाताओं की संख्या 914026 है जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 17 हैं।




**अपराधियों को किया जा रहा है चिन्हित:** असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि इसके तहत अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है। वैसे अपराधी जो अशांति फैला सकते है उन पर कार्रवाई को लेकर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर सक्रिय हो गयी है। पूरे जिले में डीएम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दिया गया है। जुलूस, जनसभा एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा नही करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा, जिस पर नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**आचार संहिता की घंटी बजते ही बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू:** आदर्श आचार संहिता की घंटी बजते ही राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर उतारने में जिला प्रशासन जुटी है। जिले प्रशासन व अनुमंडल प्रशासन शहर के हर चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर को हटाने में जुट गयी। शहर के विभिन्न जगहों पर लगे पोस्टर को प्रशासन ने हटवाया। वहीं नगर परिषद के कर्मी भी बैनर-पोस्टर को हटाने में लगे रहे। डीएम अंशुल अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी का सरकारी भवनों पर बैनर-पोस्टर नही लगाना है। यदि किसी के द्वारा लगाया जाता है तो यह चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन माना जायेगा। वहीं प्रखंड स्तर पर भी अधिकारियों के द्वारा सरकारी दीवारों व बिजली पोलो पर लगाये गये बैनर-पोस्टर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### बगेन गोला थाना क्षेत्र के फफदर मोड़ से पुलिस को मिली सफलता

# भारी मात्रा में हथियार के साथ छह अपराधी गिरफ्तार

- एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- स्कार्पियों वाहन से 315 बोर के तीन व 12 बोर के एक रायफल, 58 कारतूस व 2 खोखा बरामद

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस ने हथियारों के जखीरा के साथ कुल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 315 बोर की तीन तथा 12 बोर की एक एकनाली बंदूक समेत कुल चार असलहे तथा 58 जिंदा कारतूस व दो खोखा मिले है। पुलिस ने उनकी स्कार्पियो वाहन भी जब्त कर ली है। रविवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि मुरार थाना क्षेत्र से एक स्कार्पियो में सवार हो कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में उक्त स्कार्पियो वाहन की घेराबंदी कारवाई गई। बगेन गोला थाना क्षेत्र के फफदर गांव के पास पुलिस ने उक्त स्कार्पियो को पकड़ा। उसमें कुल छह लोग सवार थे। जिनके पास से चार एकनाली रायफल, 58 जिंदा कारतूस व दो खोखा मिला। गिरफ्तार अपराधियों में धनसोई थाना क्षेत्र के चकिया टोला के संजय कुमार पिता सहदेव सिंह, ककरिया के सत्येन्द्र सिंह पिता विश्राम सिंह तथा कथराई गांव के शक्ति कुमार पिता स्व. अवधेश सिंह, रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र के नउआ गांव के जयराम राम पिता जीउत राम तथा धासा गांव के प्रमोद कुमार पिता रामयश राम तथा सिकरौल थाना क्षेत्र के चमीला गांव के सुदामा सिंह पिता स्व. सुकुन सिंह शामिल है। इनमें सत्येन्द्र व जयराम ने बताया कि बरामद हथियारों में 315 बोर की एक-एक रायफल का लाइसेंस इनके नाम पर है, जबकि दो अन्य हथियारों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकें। जिसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। वही स्कार्पियो बीआर 03 पीए 7387 को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस वाहन मालिक के बारे में जुटी हुई है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी हुई है कि अपराधी किस घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। हालांकि पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में बगेन गोला थानाध्यक्ष मो. अतहर रब्बानी, पुअनि विश्वकर्मा यादव तथा बगेन थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे। एसपी ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

# दर्दनाक हादसा, गोलंबर पर कार से कुचल युवक की मौत, पसरा मातम



- बाइक की आमने सामने की टक्कर के बाद कार के सामने उछलकर जा गिरा था युवक

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार की सुबह बक्सर गोलंबर पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद एक बाइक चालक उछल कर एक कार के सामने जा गिरा, कार उसे कुचलते हुए निकल गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार एक अधेड़ और एक युवक भी जख्मी हो गए हैं। घटना करीब दस बजे की है। मृतक की पहचान बक्सर रामरेखा घाट के 25 वर्षीय सोनू यादव के रूप में हुई है। वही जख्मियो में 50 वर्षीय सतीश श्रीवास्तव तथा 24 वर्षीय प्रियांशु कुमार शामिल हैं। दोनों बलिया के रहने वाले हैं। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेने के साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोनू अपने अपाचे बाइक से बलिया जाने के लिए घर से निकला था। वह जैसे ही गोलंबर से बलिया के लिए मुड़ा कि उसकी बाइक अनियंत्रित हो विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गई। इस टक्कर के बाद सोनू अपनी बाइक से उछल कार के सामने जा गिरा, कार चालक उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर देर तक अफरा तफरी का माहौल कायम था। इस घटना के बाद परिजनों में कहराम मच गया है।

## गोलंबर पर जाम से नगरवासी परेशान

**बक्सर।** उत्तर प्रदेश के भरौली में वाहनों की जाम का असर जिले में प्रत्यक्ष रूप से जारी है। जिसके कारण फोर लेन बक्सर पटना एनएच 922 पर जाम की समस्या बढती जा रही है। जाम की समस्या को लेकर ट्रैफिक विभाग में एक अन्य इंस्पेक्टर की भी तैनाती की गई है। जिसकी ड्यूटी गोलंबर पर लगने वाली जाम को लेकर विशेष तौर पर लगाई गई है। इसके बावजूद गोलंबर पर जाम की समस्या कम होने की बजाय काफी बढ़ गया है। रविवार को आठ घंटे में महज 2 किलोमीटर की दूरी वाहनों ने तय किया है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दलसागर टोल प्लाजा से गोलंबर पार करने में ट्रक को करीब 11 घंटे से ज्यादा की समय लगा। वाहन रेंगकर पूरे दिन संचालित होते रहे।

## जिला स्थापना दिवस पर डीएम के साथ बीडीओ ने किया रक्तदान

- जिलाधिकारी तथा रेडक्रॉस सचिव ने बताया रक्तदान को लेकर लोगों का किया जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला स्थापना दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से कलेक्ट्रेट परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित हुई। रक्तदान शिविर में जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित कुमार मिश्रा व अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने रक्त का महादान किया। डीएम ने कहा कि रक्तदान महादान है और नियमित अंतराल पर लोगों को रक्तदान करते रहना चाहिए। ऐसा कर जहां वह लोगों की जान बचा सकते हैं वहीं दूसरी तरफ स्वयं भी स्वस्थ रह सकते हैं। रेडक्रॉस सचिव डॉ श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि रक्तदान महादान है रक्त की उपलब्धता कृत्रिम तौर पर नहीं कराई जा सकती ऐसे में रक्तदान करके ही इसकी पूर्ति होती है एक यूनिट खून देने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने वाले लोगों में डीएम अंशुल अग्रवाल के साथ साथ सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित कुमार मिश्र, धर्मवीर कुमार सिन्हा, रवि शंकर शर्मा, प्रियेश, रितेश कुमार, सोनू कुमार गुप्ता, रोहित कुमार मिश्रा, राजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिन्हा, विष्णु शर्मा, दीपक कुमार, उज्जवल कुमार एवं कुमार गौरव श्रीवास्तव शामिल रहे।

# सात से 14 मई तक जमा होगा नामांकन फार्म, 15 को स्कूटनी व 17 मई को होगी नाम वापसी

**केटी न्यूज/बक्सर**

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन चुनावी मोड में आ गया है। इसी कड़ी में रविवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने संयुक्त प्रेस ब्रिफिंग की। डीएम एसपी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। डीएम एसपी ने सभी जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय कार्यालय प्रधानों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन तथा विधि सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान बताया गया कि सात मई से 14 मई तक प्रत्याशी नामजदगी का पर्चा दाखिल करेंगे। 15 मई को स्कूटनी होगी तथा 17 मई को प्रत्याशी अपना नाम वापस कर सकते है। जबकि एक जून को मतदान होगा। वही, मतगणना 4 जून को की जाएगी।



**कुल 1940 मतदान केन्द्रों पर होगा चुनावः** जिलें में कुल 1940 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें पीएसएल मतदान केन्द्र भवन 1445, पुरूष निर्वाचकों की संख्या 1002038, महिला निर्वाचकों की संख्या 914026 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 17 है। वही, 18-19 आयु वर्ग के निर्वाचक की संख्या 26595 है तथा बक्सर जिले का लिंगानुपात 910 है। डीएम ने बताया कि बक्सर जिले के चार विधान सभा क्षेत्रों में कुल 188 सेक्टर पदाधिकारी बनाए गए है। विधान सभा के अनुसार चार डिस्पैच सेंटर बनाए गए है। इसके तहत 199-ब्रह्मपुर विस के लिए डीके कॉलेज डुमराँव, 200-बक्सर मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय चुरामनपुर (बक्सर), 201-डुमरांव 2 राज उच्च विद्यालय डुमरांव एवं 202-राजपुर (अ0जा0) उत्क्रमित उच्च विद्यालय बैरी, इटाढी को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। मतदान के बाद सभी पोल्ड ईवीएम मशीनों को बाजार समिति में संग्रहण किया जायेगा।

### जंगलीनाथ शिवमंदिर के प्रांगण में होगा कार्यक्रम, आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल

# सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार की तैयारी तेज, 20 मार्च को आयोजित होगा समारोह

- रूद्र सागर सेवा संस्थान के बैनर तले लगातार दूसरे साल आयोजित हो रहा है सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार
- कार्यक्रम में एक बटुक के साथ उनके पांच परिजन होंगे शामिल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में रूद्र सागर सेवा संस्थान के बैनर तले लगातार दूसरे वर्ष सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 20 मार्च को नगर के पूर्वी छोर पर स्थित प्रसिद्ध जंगलीनाथ शिवमंदिर के प्रांगण में होगा। इस दौरान पूरे वैदिक विधान व मंत्रोच्चार के बीच कुल 108 बटुकों को सामूहिक रूप से तथा निःशुल्क यज्ञोपवित धारण कराया जाएगा। वही, आयोजन समिति द्वारा यज्ञोपवित में आने वाले बटुकों के परिवार तथा अन्य गणमान्य लोगों के लिए नाश्ता तथा भोजन की व्यवस्था भी की गई है। रविवार को तैयारी समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष व खरहाटांड़ पंचायत के पूर्व मुखिया तेज नारायण ओझा ने व संचालन आचार्य पंडित विमलेश ओझा ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के संयोजक दीपक प्रकाश दुबे ने बताया कि सुबह आठ बजे से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। एक बटुक के साथ उनके पांच परिजन शामिल होंगे। वही पंडित विमलेश ओझा ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से बटुकों का आगमन के साथ ही सामूहिक यज्ञोपवित कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यज्ञोपवित संस्कार शाम चार बजे तक संचालित होगा। बता दें कि पिछले वर्ष भी रूद्र सागर सेवा संस्थान द्वारा 108 बटुको का निःशुल्क यज्ञोपवित संस्कार करवाया गया था। वही, इस बार भी यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से क्षेत्र में उत्साह कायम है। रूद्र सागर सेवा संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे ने कहा कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। 20 मार्च को पूरे दिन यह कार्यक्रम काफी उत्साह के साथ करवाया जाएगा। यह प्रयास किया जा रहा है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि समस्त कर्मकांड आचार्य विमलेश ओझा के नेतृत्व में संपन्न होगा। बैठक में रूद्र सागर सेवा संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे, उपाध्यक्ष रिंटू चौबे, पंडित चंद्रचूड़ ओझा, मनन दुबे, ब्रजेश ओझा, विंध्याचल ओझा, राजीव रंजन सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

### प्रखंड प्रशासन ने मनाया जिला स्थापना दिवस

**केसठ।** रविवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने नेतृत्व में जिले का 34वा स्थापना दिवस हरसोउल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान मध्य विद्यालय केसठ, अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ, उर्दू विद्यालय केसठ और उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाल गया। प्रभात फेरी अपने अपने विद्यालय से होते हुए नया बाजार,पुराना बाजार समाप्त हो गई। इस मौके पर अरुण कुमार,मुकेश यादव, लालबाबू प्रसाद, सुनील कुमार, सतेंद्र कुमार,संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।इस दौरान बीडीओ ने कहा की बक्सर जिले को 17 मार्च 1991 को जिले का दर्जा मिला था। बक्सर को जिले का दर्जा प्राप्त करने के लिए 1980 से 1991 तक आंदोलन करना पड़ा था।करीब 11 वर्षो तक के लंबे आंदोलन करने के बाद बक्सर को जिला का दर्जा प्राप्त हुआ था।इस दौरान ग्रामीणों और छात्रों को जिले के इतिहास को विस्तार रूप से अवगत कराया।उसके बाद बीडीओ ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### प्रखंड प्रशासन ने हटवाया राजनैतिक पोस्टर

**केसठ।** आदर्श आचार संहिता की घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह प्रशासन नजर बनाई हुई है। इसी कड़ी में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहे पर लगे राजनीतिक पोस्टर, बैनर आदि को हटवा दिया। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग के द्वारा आचार संहिता लागू की गई है इस दौरान किसी प्रकार की राजनीतिक, धार्मिक या सांप्रदायिक पोस्टर, बैनर, स्लोगन या नारे नहीं लगाया जा सकता है। संहिता का उलघन करने वालो पर करवाई की जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए प्रकरण प्रशासन पूरी तरह से तैयार है अवैध गतिविधियों करने वाले तत्वों पर प्रशासन पूरी तरह से नजर बनाई हुई है।

### नवसाक्षर की साक्षरता परीक्षा आयोजित

**बक्सर।** महादलित दलित अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत नवसाक्षर महिलाओं का बुनियादी साक्षरता परीक्षा रविवार को आयोजित हुआ। यह परीक्षा सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक संचालित हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए केआरपी लालसा कुमारी ने बताया कि इटाढ़ी प्रखंड में इस परीक्षा के तहत कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रत्येक केन्द्र पर 20-20 नव साक्षरों ने परीक्षा दिया। पूरे प्रखंड में कुल 120 नव साक्षर महिलाओं ने बढ़कर चढ़कर इस परीक्षा में हिस्सा लिया। वही सदर बक्सर में चार परीक्षा केन्द्रों पर 80 नवासाक्षरों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा देने वाली महिलाओं में साक्षर बनने की ललक देखी गई। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इस परीक्षा को संपन्न कराने में शिक्षा सेवक संतोष कुमार, वीर बहादुर राम, उमेश कुमार, श्रीभगवान, सीमा देवी, लालबिहारी राम, लाल बहादुर राम, विनोद राम, मंजू देवी, रानी देवी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### पुलिस ने की शराब को लेकर छापेमारी

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पुलिस ने शराब की धर-पकड़ को लेकर छापेमारी तेज कर दिया। इसी दरम्यान कोरानसराय पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव स्थित अनुसूचित बस्ती में शराब के अड्डे पर छापेमारी की, जहां से पुलिस ने तीन गैलन अर्द्धनिर्मित शराब को गिराकर विनष्ट किया। इस दौरान पुलिस को देखते ही शराब के धंधेबाज भागने में सफल रहे। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुसूचित बस्ती में अवैध शराब निर्माण और बिक्री का धंधा चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अवैध शराब के अड्डे पर धावा बोल दिया, जहां परती जमीन में गंदगी के बीच गाड़कर रखी गयी अर्द्धनिर्मित शराब से भरे गैलन मिले। पुलिस ने अर्द्धनिर्मित शराब को वहीं नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि शराब को लेकर इलाके के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी चल रही है।

### बीएसएनएल टावर की जरनेटर की चोरी

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन स्थित पश्चिमी गुमटी के पास लगे बीएसएनएल टावर से एक जरनेटर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जरनेटर 15 केवीए का बताया जाता है। इस मामले में कंपनी के अधिकारी अमित कुमार ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि बीटीएस टावर के इस्तेमाल को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी का जरनेटर लगाया गया था, जहां चोरों ने उसे गायब कर दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुट गयी है।

### चार घंटे में चोरी की घटना का उद्भेदन

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने चोरी के एक मामले का मात्र चार घंटे में उद्भेदन करते हुए चोर को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी गए सामान को भी बरामद कर लिया। हालांकि इस मामले में पीड़ित के दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे ने भी पुलिस की मदद की। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव बंधन पटवा रोड निवासी लव कुमार पटवा के पिता टेम्पो चलाते है। वे हर दिन की तरह शनिवार की रात भी अपने दरवाजे पर अपनी टेम्पो खड़ी कर सोने चले गए थे। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक उनकी टेम्पो की बैट्री व एक टायर चुरा लिया। हालांकि, उसकी हरकत उनके गेट के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। सुबह में जब घरवालों की नींद खुली तथा चोरी की बात समझ में आई तो उनलोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमें चोर की हरकत कैद हो गई थी।




# बच्चों की लड़ाई में अभिभावक भी हुए आमने-सामने, एक व्यक्ति घायल

♦ दो गांव में मारपीट की घटना

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद परस बीघा थाना क्षेत्र के तिताइ बीघा गांव में बच्चों की लड़ाई में अभिभावक हो गए शामिल दो गांव में आपसी तनाव कृषि कार्य करने जा रहे दीपक कुमार को लाठी डंडे से मारकर किया घायल, इलाज के लिए सदर अस्पताल में कराया गया भर्ती, रामकुमार ने बताया कि 2 दिन पहले स्कूल में तिताइ बीघा गांव के बच्चे एवं डिहुरी पर के बच्चे आपस में झगड़ गए थे तभी गांव के कुछ लोगों ने समझा बूझकर



मामले को शांत करा दिया लेकिन डिहुरी पर गांव के लोग इसी बात को लेकर काफी नाराज थे रविवार को तिताइ बीघा गांव निवासी दीपक कुमार ट्रैक्टर लेकर जा रहा था, तभी गांव वाले ने ट्रैक्टर को रुकवाया और पूछा कि कहां घर है जोही अपना घर बताया तो इसके बाद उन लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया ,उन्होंने कहा कि गांव के जो लोग भी उधर जा रहे हैं उन लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे हैं जिसके कारण दोनों गांव में तनाव बना हुआ है इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## शराब की एक भट्ठी ध्वस्त, करोबारी में हड़कंप

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा निर्माण के विरुद्ध उपहारा थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप एक भट्ठी को धवस्त किया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी किनारे बनरा बगीचा में की गई। इस दौरान 100 किलोग्राम महुआ पास को मौके पर विनिष्ट कर दिया है। वहीं 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया है। जबकि कारोबारी फरार हो गया। थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने इसकी जानकारी दी।

## एक नजर

### देव में लगेगा चैती छठ मेला, जिलाधिकारी ने घाट की साफ सफाई का दिया निर्देश

**औरंगाबाद।** चैती छठ मेला की तैयारी के संबंध में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने देव स्थित सूर्य कुंड तालाब सहित अन्य जगहों का



निरीक्षात्मक भ्रमण किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय, दीवान बिगहा, कन्हैया मोड़, हाजी नगर, देव सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड छठ घाट, देव मेला क्षेत्र से संबंधित स्थानों को भ्रमण किया जिसमें विभिन्न स्थलों पर छठ व्रतियों पार्किंग एवं आवासन स्थलों को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों को छठ महापर्व के दौरान आने वाले छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवासन, टेंट पेयजल शौचालय, यातायात, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को घाट की साफ-सफाई, वैरिकेडिग, प्रकाश की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, जिला भूर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, सिविल सर्जन औरंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी देव न्यास समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बनतारा के ग्रामीणों ने चोरी के सामान के साथ चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**औरंगाबाद ।** देवकुण्ड थानाक्षेत्र के बनतारा गाँव के ग्रामीनो ने शनिवार की रात एक चोर को पकड़ कर चोरी के सामान के साथ पुलिस के हवाले कर दिया है. मामले मे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार चोर को जेल भेज दिया हैं. थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया बनतारा गाँव के ग्रामीणों ने सूचना दिया की कुछ चोरी के सामान के के साथ एक चोर को पकड़ा गया है. जब पुलिस सत्यापन को लेकर बनतारा गांव में गई तो.ग्रामीणों के बीच से चोर को पकड़ लिया गया. वहीं चोरी किये गये तार के जाली के साथ लोहे के एंगल को बरामद किया गया है.पकड़े गए चोर की पहचान गोह थानाक्षेत्र के दधपी गांव निवासी बासुदेव पासवान के पुत्र धीरज कुमार के रूप में की गई है. मामले मे पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार चोर को जेल भेज कर अनुसंधान मे जुटी हुई है. सूत्रों की माने तो इस चोरी की घटना में कई लोग शामिल थे. लेकिन ग्रामीणों की भनक लगते है रात का फायदा उठाते हुए अन्य चोर गाड़ी लेकर फरार हो गये.पुलिस अन्य चोरो के बारे मे जानकारी जुटाने में जुटी हुई है चोरी के पहले कई लोगों को गिरफ्तार चोर से मोबाइल पर बातें हुई है जिसकी छानबीन पुलिस कर रही है.

### मारपीट मामले में फरार वारंटी गया जेल

**औरंगाबाद।** मारपीट के आरोप में फरार एक वारंटी को ओबरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया वारंटी राजू जैसवाल के रूप में की गई है। इसके विरूद्ध वर्ष 2004 में मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें फरार रहने के कारण कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था जिसमें आरोपित आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए वारंटी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## खबरें फटाफट

### कवरेज करने गए पत्रकार की बाइक चोरी

**औरंगाबाद।** न्यूज कवरेज के दौरान एक पत्रकार की बाइक चोरी का मामला सामने आया है जिसमें पत्रकार ने तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की हैं। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज की हैं। जहां एक निजी विद्यालय में आयोजित सीता थापा महोत्सव का न्यूज कवरेज के दौरान एक पत्रकार की बाइक चोरी कर ली गई। मामले में मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सीता थापा महोत्सव में न्यूज कवर करने गए थे। बाइक विद्यालय के गेट के पास खड़ा किया था। महोत्सव की खबर कवरेज कर बाहर निकला तो पैशन प्रो बाइक वहां से गायब थी।

बाइक मेरे छोटे भाई विनोद कुमार सिंह के नाम से है। इस संबध में थाना में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की गई है। अपर थानाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### देशी महुआ शराब बरामद कारोबारी फरार

**औरंगाबाद ।** पुलिस ने थानाक्षेत्र के गोह महुआ धाम मोड़ के समीप से शनिवार को महुआ शराब बरामद की हैं. वही पुलिस की भनक मिलते ही धंधेवाज फरार हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रफीगंज रोड से एक युवक महुआ शराब लेकर गोह के तरफ आ रहा है, जिसको सत्यापन को लेकर पुलिस टीम महुआ धाम मोड़ के पास पहुंची तो पुलिस को देखते ही कारोबारी मोटर साइकल से एक बोरा फेक कर भाग गया .जब पुलिस मोटरसाइकल के पास गिरा हुआ बोरा को तलाशी ली तो उजला रंग के पॉलिथिन में आठ आठ लीटर की पांच पोलोथिन में कुल चालीस लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है, बाईक मालिक और शराब तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसन्धान की जा रही हैं।

## जहानाबाद की जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव के संबंध में दी जानकारी

# आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत सीविजिल एप पर करें: जिलाधिकारी

♦ अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में शनिवार की देर शाम समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजित कर मीडिया प्रतिनिधियों को निर्वाचन गतिविधियों का जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी कर दिया गया है, जिसके मद्देनजर 36-जहानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन निर्धारित कर दिया गया है। जिसके तहत निर्वाचन अधिसूचना की तिथि 07 मई, 2024 को, नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 14 मई, 2024 को, संविक्षा की तिथि दिनांक 15 मई, 2024 को, नाम वापसी की तिथि दिनांक 17 मई, 2024 को, मतदान की तिथि दिनांक 01 जून, 2024 को, मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून, 2024 निर्धारित की गई है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 36-जहानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आता है, जिसमें जहानाबाद जिले के 216-जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र, 217-घोषी विधान सभा क्षेत्र एवं



218-मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र, अरवल जिले के 214- अरवल विधान सभा क्षेत्र एवं 215-कुर्था विधानसभा क्षेत्र तथा गया जिला के 233-अतरी विधानसभा क्षेत्र आता है।? 216-जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र 339 मतदान केन्द्र, 217-घोषी विधान सभा क्षेत्र में 296 मतदान केन्द्र, 218- मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र में 262 मतदान केन्द्र, 214- अरवल विधान सभा क्षेत्र में 274 मतदान केन्द्र, 215-कुर्था विधानसभा क्षेत्र 284 में मतदान केन्द्र तथा गया 233- अतरी विधानसभा क्षेत्र 338 मतदान केन्द्र है।

उन्होंने कहा कि 36-जहानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र निवार्ची पदाधिकारी के रूप में जिला पदाधिकारी है, जबकि 36-जहानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 216-जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद विकास कुमार का मोबाइल नंबर 9473191254 है, 217-घोषी विधान सभा क्षेत्र के अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता, जहानाबाद चांदनी कुमारी का मोबाइल नंबर 8544412332 है, 218-मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र में अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता, जहानाबाद ब्रजेश कुमार का मोबाइल नंबर 9473191253 है, 214- अरवल विधान सभा क्षेत्र के अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश का मोबाइल नंबर 9473191479 है, 215-कुर्था विधानसभा क्षेत्र के अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रवीन कुमार का मोबाइल नंबर 8544412303 है तथा 233-अतरी विधानसभा क्षेत्र के अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी, नीमचक बथानी, गया गोपाल कुमार का मोबाइल नंबर 9473191249 है। साथ ही इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त, जहानाबाद धनंजय कुमार का मोबाइल नंबर 9431818352 एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अरवल सुधांशु शेखर का मोबाइल नंबर 8340492421 भी अधिसूचित सहायक निवार्ची पदाधिकारी बनाए गए हैं। जला पदाधिकारी ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के संचालक हेतु 25 कोषांगो का गठन किया गया है।

### एप पर शिकायत करने के 100 घंटा के अंदर होगा निराकरण

मतदाताओं की सुविधा के लिए सीवीजील के माध्यम से सहायता दी जा रही है। बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों का फोटो एवं विडियो तत्काल भारत निर्वाचन आयोग को पर भेजा जा सकता है, जिसका निराकरण 100 घंटा के अंदर किया जाता है। सीवीजील का उपयोग आम नागरिक कर सकते हैं। सीवीजील का उपयोग हेतु सबसे पहले अपने एंड्रायड स्मार्टफोन के सर्च में जाकर सीवीजील टाइप करें और सर्च करें। सर्च करने के बाद सीवीजील दिखाई देगा जिसे एंड्रॉयड स्मार्टफोन पर डाउनलोड कर लें। फिर इसमें अपनी शिकायत डालें।

# बच्चों को नशापान से दूर रहने के प्रति किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद के तत्वाधान में नालसा द्वारा आयोजित कार्यक्रम रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय मकपा मखदुमपुर में किया गया। इसमें लीगल सर्विसेज टू विक्टिम ऑफ ऐसिड अटैक्स 2016 एवं लीगल सर्विसेज टू विक्टिम आफ ड्रग एब्यूज एंड इराडिकेशन आफ ड्रग्स स्किम 2015 विषय पर बच्चों को जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता रमेश प्रसाद ने बच्चों को एसिड अटैक्स से बचने के उपाय एवं उपचार व उसके दुष्परिणामों के बाद पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के संबंध में और नशा से बचाव के संबंध मे भी जानकारी दी। विद्यालय के शिक्षक बी के श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार का ज्ञानवर्धन जागरूकता कार्यक्रम का निरंतर आयोजन होने से बच्चों को काफी जानकारी प्राप्त होती है। इनके माध्यम से अभिभावक भी



जानकारी प्राप्त करके समाज में एक दूसरे को जागरूकता फैलाने में काफी सहायक होते हैं। कार्यक्रम में संतोष कुमार पारा लीगल स्वयंसेवक ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार निर्धन और असहाय वर्गों को सहायता दिलाने के लिए हमेशा कटिबंध रहता है और अनेकों योजनाओं के लाभ वंचितों को दिलाने में एक सहायक की भूमिका निभाती है।

# गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद ने मंडल कारा में किया पौधरोपण

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा मंडल कारा जहानाबाद में लगातार 146वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के पूर्व गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के बाद पौधों का रोपण किया गया। मौके पर उपस्थित असिस्टेंट जेलर अरविंद कुमार ने कहा कि विवेकपूर्ण दृष्टि से देखें तो स्वस्थ, सुखी, दीर्घ जीवन का सर्वोत्तम साधन वृक्ष ही हैं। आज बहुत बड़े पैमाने पर वृक्ष लगाने की आवश्यता तो है ही, वृक्षों से प्रेरणा लेने और अपने जीवन को उन्ही की तरह सर्वहितकारी,परोपकारी साँचे में ढालने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर भेलावर थाना परिसर में भी थाना प्रभारी दुगानंद मिश्रा के उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। थाना प्रभारी ने वृक्षारोपण अभियान के बारे में कहा कि वर्तमान समय में समाज की सच्ची सेवा वृक्षारोपण करके भी किया



जा सकता है। वृक्षारोपण के द्वारा पर्यावरण में तेजी से हो रहे परिवर्तन को काफी हद तक रोका जा सकता है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के जिला समन्वयक रंगेश कुमार,जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार,कोषाध्यक्ष कौशल सहायक ट्रस्टी श्यामनारायण,कुमार ,रंगनाथ शर्मा,प्रवीण कुमार,आर्या जी,आदित्य गौतम,अभिषेक कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# देसी-विदेशी शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर बांध के समीप की गई। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान थाना क्षेत्र शाहपुर अखांड़ा निवासी दीपक कुमार गुप्ता, पिंटू राम एवं रामाबंध निवासी राजेंद्र पासवान के रूप में की गई है। इनके पास से देसी विदेशी शराब बरामद किया गया है। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि देर रात उत्पाद विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप देसी -विदेशी करीब 25.560 लीटर शराब बरामद किया गया है। पूछ-ताछ में पकड़े गए दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि वह तीन साल पहले शराब के एक कांड में जेल जा चुका हैं। वहीं पिंटू राम करीब पांच साल पहले शराब के कांड में जेल जा चुका हैं। इनका एक गिरोह हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब्त किया गया शराब किसी को वे डिलीवरी करने वाले थे। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के फलस्वरूप तीनों को जेल भेज दिया गया।







केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 18 मार्च 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में अठिलापुर में हिंसक संघर्ष

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अठिलापुर गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक मारपीट हुआ। दो राउंड हुए मारपीट में दोनों पक्ष से चार लोग जख्मी हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न अपराधिक धाराओं में अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है। घायलों में एक पक्ष से देवनाथ राजभर 36 वर्ष और दूसरे पक्ष से बुनेला राजभर 73 वर्ष, सुनीता देवी 44 वर्ष एवं विशाल 17 वर्ष शामिल हैं। इनमें गंभीर रूप से घायल बुनेला राजभर और दूसरे पक्ष के देवनाथ राजभर को रसड़ा सीएचसी अस्पताल ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। रसड़ा कोतवाल ने बताया कि मामले में जख्मी देवनाथ राजभर के लिखित तहरीर पर बुनेला, विशाल, रंगीला और छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जबकि दूसरे पक्ष से जख्मी बुनेला राजभर के लिखित तहरीर पर देवनाथ राजभर, सचिन राजभर, जीतन राजभर, उपेंद्र राजभर, बिरन राजभर और कमलावती देवी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

### प्रत्याशियों के खर्च की सीमा हुई निर्धारित

**गाजीपुर।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में आदर्श आचार संहिता को लागू कर दिया गया है। जनपद के सभी आला अधिकारी अलर्ट मोड में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में जुटे हैं। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता के लागू हो गयी है, जिसमें निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने के लिए हम सभी लोग कृत संकल्पित हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने जनपद वासियों से आचार संहिता का पालन करने का अपील किया है। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में उड़न दस्ता दल सक्रिय हो गया है।

## गाजीपुर लोकसभा का पारदर्शी व निपष्क्ष चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासन

- कोई भी राजनैतिक दल बिना किसी व्यक्ति से अनुमति लिए उसकी भूमि व भवन परिसर की दीवारों पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने का काम नहीं कर सकता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की घोषणा के उपरान्त जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर डीएम ने कहा कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारददर्शीपूर्ण, निष्पक्ष व स्वस्थ तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना 16 मार्च 2024 को लगने के उपरान्त लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 75 गाजीपुर में समाविष्ट 05 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 373 जखनियां (अजा) 453288 मतदाता, 374 सैदपुर (अजा) 415141 मतदाता, 375 गाजीपुर-377091 मतदाता, 376 जंगीपुर-385554 मतदाता एवं 379 जमानियॉ-439851 मतदाता तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 72 बलिया (आंशिक) में समाविष्ट इस जनपद के 02 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 377 जहूराबाद-422587 मतदाता एवं 378 मोहम्मदाबाद-434166 मतदाता का निम्नांकित निर्वाचन कार्यक्रम के लिए निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 07 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 15 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार, नाम निर्देशन की जांच-समीक्षा 15 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 17 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को मतदान 01 मई 2024 दिन शनिवार, मतगणना 04 मई 2024 दिन मंगलवार एवं 06 मई 2024 दिन गुरुवार तक वह जिसके पूर्व निर्वाचन पूरी कर लिया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 01 नवंबर 2023 से 05 दिसंबर 2023 तक 35 दिन मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम किया गया।

### कृष्णानगर ढाले के पास पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान मिली सफलता

## पिकअप से 102 पेटी ब्रांडेड बीयर बरामद, दो गिरफ्तार, चार फरार

- एसओजी, सर्विलांस व दोकटी पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई
- पिकअप के ढाला मे बैठे चार व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठा कर कूद कर खेतों की ओर भागने में सफल रहे

**केटी न्यूज/ बलिया**




अपराध व वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव, एसओजी प्रभारी अजय यादव व थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप को कृष्णानगर ढाले के पास रोका। तलाशी लेने पर उसमें से 102 पेटी किंगफिशर बियर बरामद किया। वहीं चालक समेत दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जबकि चार अभियुक्त अंधेरे का फायदा भागने में सफल रहे। पकड़े गये माल की कीमत करीब तीन लाख रुपये के आसपास बतायी जा रही है। पुलिस को अनुसार गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप में किंग फिशर बीयर लादकर बैरिया होते हुए जिन बाबा से होकरकी ओर जहा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि कृष्णानगर ढाला से जय प्रकाश नगर की तरफ ले जाया जाए। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी हरकत में आ गये। पूरी तैयारी के साथ उस इलाके में जाल बिछाया गया। ताकि शराब तस्करों के मनसूबा पर पानी फेरा जा सके। पिकअप का इंतजार करने लगे। तभीकुछ देर बाद एक पिकअप गाडी कृष्णानगर की तरफ आती दिखायी पड़ी। गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप को रोका गया। जिसपर बीयर लदी हुई है। पुलिस टीम द्वारा कृष्णानगर ढाले पर पिकअप को रोका गया। पुलिस टीम को देख गाड़ी चला रहा व्यक्ति दरवाजा खोल कर भागना चाह रहा था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। दूसरे तरफ केविन में बैठे व्यक्ति को भी केविन में ही पकड़ लिया गया। पिकअप के ढाला मे बैठे चार व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठा कर कूद कर खेतो की तरफ भाग गये। भाग रहे तस्करों का पुलिस ने पीछा किया। परंतु वह अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस पकड़े गये शराब व दोनों तस्करों को थाना लेकर आयी। तस्करों ने पूछताछ में अपना नाम व पता परायण यादव पुत्र स्व वृन्दा यादव निवासी मुरारपट्टी थाना दोकटी बलिया तथा व दूसरे ने छोटू चौधरी उर्फ रंजीत चौधरी पुत्र स्व विश्वनाथ चौधरी निवासी शिवपुर गड़ेरिया थाना दोकटी बलिया बताया। पुलिस ने बताया कि दोनों तस्कारों से पिकअप से उतरकर भागने वालों का नाम पता पूछा जा रहा है। परंतु उनलोगों ने चारों का सही नाम-पता नहीं बताया है। पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर यह माल किसका था। इसके पीछे किन-किन लोगों का हाथ है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह खेप होली पर्व व चुनाव की तैयारी को लेकर आया गया था। ताकि इसके माध्यम से वोटरों का अपने पक्ष में करने का प्रयास किया जाए। हालांकि इससे पहले ही माल पकड़ा गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस का दावा है कि ऐसे तस्करों पर पूरी नजर रखी जा रही है। उनके मनसूबों को रोकने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

### बिजली की चपेट में आने से किसान संगठन के मंडल अध्यक्ष की मौत

**चंदौली।** सकलडीहा क्षेत्र के आवाजापुर गांव निवासी भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष वाराणसी की रविवार की सुबह करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब किसान नेता मोबाइल को चार्ज में लगा रहे थे।आनन-फानन मे परिजनों व ग्रामीणों ने उनको सीएचसी सकलडीहा लाया जहा डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। किसान नेता की मौत से परिवार सहित क्षेत्र में कोहराम मच गया। बता दें कि आवाजापुर गांव निवासी स्व.अमरनाथ सिंह के तीन पुत्र थे। अश्वनी सिंह, मिथलेश सिंह उर्फ उर्फ मनमन सिंह व कमलेश सिंह है। इसमे मिथलेश सिंह उर्फ मनमन भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष थे।परिजनों के मुताबिक रविवार को सुबह करीब 10 बजे वह घर मे मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जर लगा रहे थे कि अचानक चार्जर में बिजली प्रवाहित हो गई।जिससे उसकी जद में आने से मिथलेश गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन में सकलडीहा सीएचसी लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वही मृतक मनमन सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह की भी लगभग दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी।मनमन सिंह को एक पुत्र राज रोशन सिंह गहरवारवर्ष है। किसान नेता मिथिलेश सिंह मनमन काफी सरल, मिलनसार मृदभाषी व संघर्षशील स्वभाव के लिए जाने जाते है। उनकी मौत से परिवार गांव सहित क्षेत्र में कोहराम मच गया। घर मे मातम पसरा रहा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## चोरों ने चार लाख रुपये के आभूषण व 40 हजार नकदी पर किया हाथ साफ

- फेफना थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान का बनाया अपना निशाना
- चोरों ने घर का दरवाजे तोड़कर दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/ बलिया**



फेफना थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के दूसरे दिन यानी रविवार की सुबह जब परिवार के लोगों को चोरी की घटना की जानकारी हुई तो लोगों के होश उड़ गए। पीड़ित गृहस्वामी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अगरसंडा निवासी पीड़ित शुभम मौर्य के अनुसार वह अपने परिवार के साथ शनिवार की दोपहर देवपुर रिश्तेदारी में गए हुए थे। इस बीच बीती रात को चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर गए। फिर आलमारी तोड़ सोने चांदी के लगभग पांच लाख रुपये के गहने व 40 हजार रुपये के नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दूसरे दिन यानी रविवार की सुबह जब गृहस्वामी घर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा पड़ा हुआ है। तथा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। यह देखकर उनके होश उड़ गये। वहीं इस संबंध में फेफना थानाध्यक्ष गजानंद चौबे ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर यह सवाल खड़ा हो रहा है कि चोर घर का दरवाजा तोड़कर इस घटना को अंजाम दिये। परंतु आसपड़ोस के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। चोरों ने आसानी से इस घटना को अंजाम दे दिया।

## यूरिन थैली में छेद करने के लगे आरोपों की हुई जांच, पीड़ित ने रखा अपना पक्ष

- डीएम के निर्देश पर सीएमओ विजयपति द्विवेदी ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित किया
- हल्दी थाना क्षेत्र के नीरूपुर गांव निवासी केदार पटेल की शिकायत

**केटी न्यूज/ बलिया**

बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान यूरिन थैली में छेद करने के मामले में रविवार को जिला अस्पताल में जांच कमेटी के अध्यक्ष जिला सर्विलांस अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि शिकायत कर्ता व पीड़िता बेबी पटेल अपने पति के साथ दो सदस्यीय कमेटी के समक्ष पेश होकर शिकायत पत्र सहित अन्य साक्ष्य सौंपा है। मामले की जांच के बाद रिपोर्ट सीएमओ के माध्यम से डीएम को सौपी जाएगी। बता दे कि हल्दी थाना क्षेत्र के नीरूपुर गांव निवासी केदार पटेल की पत्नी बेबी पटेल ने छह फरवरी 2024 को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर भरसौता स्थित एक निजी अस्पताल व उसके चिकित्सक पर बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। कहा था कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने लापरवाही बरती थी। जिसका नतीजा हुआ था कि डॉक्टरों ने यूरिन की थैली में छेद कर दिया है। जिससे उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ गयी थी। उसका लगातार इलाज कराया जा रहा है। फिर भी उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीएम से की थी। डीएम ने इस पर एक्शन लेते हुए सीएमओ विजयपति द्विवेदी ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित किया था। इसमें प्रशासनिक अधिकारी योगेश पांडेय व जिला सर्विलास अधिकारी डा. अभिषेक मिश्र शामिल है। मामले की जांच के बाद रिपोर्ट सीएमओ के माध्यम से डीएम को सौपी जाएगी। रिपोर्ट के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। वहीं यह अब इस बात का इंतजार है कि कब रिपोर्ट सौंपी जा रही है।

## एक नजर

### आरोग्य मेले में 1349 मरीजों का हुआ उपचार

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले मे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की भी जांच की गई। इस दौरान सीएमओ डॉ एके राय ने कहा कि चिकित्सकों द्वारा कुल 1349 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 590पुरुष, 496 महिला एवं 243 बच्चे थे। कुल छह लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए। मलेरिया के कुल 14 टेस्ट किए गए। जिनमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है मेले में आए समस्त मरीजों को आवश्यक उपचार करते हुए आवश्यक परामर्श एवं दवाएं गई।

### बच्चा चोरी की दूसरी घटना से ग्रामीणों में दहशत

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कूढकला गांव में रविवार की दोपहर में एक महिला एक घर से आठ वर्षीय बच्चा चोरी करके भाग रही थी। तभी बच्चा रोने लगा। बच्चों की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बच्चा चोर को पकड़ कर पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मोके पर पहुंची पुलिस ने महिला को लेकर कोतवाली थाने ले आई। क्षेत्र के कूढकला निवासी निशांन अपने ननिहाल में आया हुआ था। रविवार की दोपहर में आंगन में खेल रहा था। तभी बच्चों को अकेला देखकर महिला ने बच्चों को लेकर भागने लगी।तभी बच्चा रोने लगा। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच कर बच्चों को महिला के हाथों से आजाद कराया। इसकी सूचना पुलिस को दी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ते में बच्चा चोरी की यह दूसरी घटना है। गांव में बच्चा चोरी होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

### सीएसपी लूट घटना के पुलिस के खाली हाथ

**बलिया।** सीएससी संचालक को मारपीट कर तीन लाख रुपया लूटने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली रही। बता दें कि मनियर थाना क्षेत्र के सरवार में बडौदा यूपी बैंक के सीएससी सेन्टर में शनिवार को घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने करीब तीन लाख रुपए लेकर भागने में सफल रहे तथा संचालक को मारपीट कर घायल कर नशीला पधार्थ सुघा दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सीएसपी संचालक के पुत्र सूर्यप्रताप को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मनियर पहुचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार को सीएससी संचालक संजय चौहान ने मनियर थाने पर पहुचकर पुलिस को लिखित तहरीर दिया कि मैं सरवार में बडौदा बैंक का सीएसपी चलाता हूं। शनिवार को मैं घर पर नहीं था मेरा लड़का सूर्यप्रताप सीएसपी पर आनलाईन काम करने के लिए पहुँचा। दरवाजा खोलकर बैठ रहा था कि पिछे से नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर बैग से करीब तीन लाख रुपया लेकर भागने में सफल रहे। लड़का गिरकर बोहोशी हालत में था।आसपास के लोगों ने उसे प्रथमिक स्वास्थ केन्द्र मनियर पहुचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष मनियर मंतोष सिह ने कहा कि दोपहर में तहरीर मिली है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

### राजनैतिक दलों के साथ डीएम-एसपी ने की बैठक

**गाजीपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी-जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रायफल क्लब के कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आदर्श आचार संहिता के संदर्भ के साथ आयोग के दिशा निदेर्शों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी तरह का कोई प्रचार-प्रसार बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी के व्यक्तिगत जीवन, धर्म आदि पर किसी प्रकार की कोई टिप्पणी न करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की तरफ से दिशा निदेर्शों के संबंधी पुस्तिका सभी को उपलब्ध करा दी गई है। इसका भली भांति अध्ययन करते हुए कार्य करें। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक किए जाने वाले कार्यों का लेखा-जोखा अवश्य रखा जाए। साथ ही समय-समय पर उसका सक्षम अधिकारी द्वारा मिलान भी कराया जाए। यदि कहीं किसी भी प्रकार की किसी के द्वारा कोई प्रलोभन देने या डराने धमकाने के माध्यम से मत को एक तरफ डालने के लिए दबाव बनाया जाता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दे। जिससे नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार में जो भी सामग्री प्रयोग की जाए उसका पूरा लेखा-जोखा विधिवत निर्धारित पंजिका में अंकित कराएं।




### जनपद के थाना क्षेत्रों में होलिका को लेकर प्रशासन सतर्क

## जिले में जलेंगी 1670 होलिकाएं, 64 संवेदनशील और 25 अतिसंवदेनशील

**केटी न्यूज/ चंदौली**

होली का पर्व होलिका दहन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। होली पर्व के पूर्व जलने वाली होलिका की तैयारियों को जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थापित होलिका को लेकर विशेष तैयारी की गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील होलिकाओं का भी चिन्हित किया गया है। वहां पर विशेष व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। ताकि होली पर्व पर किसी प्रकार की कोई अपनी घटना ना होने पाए। जनपद में 1670 होलिकाओं का स्थापना हुई है। जिला प्रशासन की ओर से 64 संवेदनशील व 25 अतिसंवेदनशील होलिकाओं को चिह्नित किया गया है। इसे लेकर सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ पीएसी बलों की भी तैनाती की जाएगी। विभागीय अधिकारियों की माने तो इसे लेकर सभी थानों में बैठक के साथ-साथ पैदल गस्त भी कर लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का आह्वान किया है। साथ ही समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रयास करें। इस में हर स्तर पर जनप्रतिनिधियों से सहायता ली जा रही है। वहीं उपद्रवियों की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि समय से पहले उनके निपटा जा सके। वहीं थानों पर बैठक करके संभ्रांत नागरिकों को निर्देश दिया कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगा। इसके लिए बिना परमिशन के अगर कोई डीजे बजाता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति अश्लील गाना बजाता है। उसके खिलाफ भी प्रशासन सख्त कार्रवाई करेंगा। होली पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनमाने के लिए प्रशासन की सभी तैयारी कर रखी है। इस संबंध में पूछे जाने पर एएसपी विनय कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी थानों पर बैठक आयोजित कर संभ्रांत नागरिकों को निर्देश दिया जा रहा है कि शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाएं।



# जन कल्याणकारी कार्यों के कारण प्रदेश को मिली नई पहचान : खेल मंत्री

♦ भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**केटी न्यूज/जौनपुर**

भारतीय जनता पार्टी नगर दक्षिणी व नगर उत्तरी मण्डल का कार्यकर्त्ता सम्मेलन नगर के सिपाह स्थित विवाह मैरिज लान पर और करंजाकला मण्डल का कार्यकर्त्ता सम्मेलन सिद्दीकपुर में सम्पन्न हुआ। नगर मण्डल के सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथि खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव , पिंडरा के विधायक अवधेश सिंह व लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह, नगर पालिका परिषद कि अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि करके किया गया।

कार्यकर्त्ता सम्मेलन में खेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार के विकास एवं जन कल्याणकारी कार्यों के परिणाम स्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज की हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है। इसलिए आने वाले चुनाव में हर



कार्यकर्ता को मिलकर कमल के लिए वोट मांगना है। पिंडरा के विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि आपके लोकप्रिय लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह जो जौनपुर के माटी के लाल हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में जाकर काम किया और अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे। जब भी यूपी बिहार का कोई महाराष्ट्र जाता है या जौनपुर का बच्चा जाता है महाराष्ट्र इनसे से मिलता है तो कृपा शंकर सिंह जी उसकी पूरी मदद करते हैं। ये इनका स्वभाव है मैं पिंडरा का विधायक हुं लेकिन आपके व्यवहार के कारण मैं ज्यादातर समय इसी लोकसभा क्षेत्र में दे रहा हूं। पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनने जा रहे हैं इस बार हमारा नारा है 400 पार इसलिए मेरे लिए हर एक सीट महत्वपूर्ण है और सभी कार्यकर्ता मिलकर जौनपुर लोकसभा सीट पर कमल खिलाएं। लोकसभा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर विश्वास किया है और मुझे उम्मीदवार बनाया है मैं भी आप ही के बीच का रहने वाला हूं यदि आप सब का आशीर्वाद मिला तो विश्वास रखिए आप सबके विश्वास पर पूरा खरा उतारने का प्रयास करूंगा। और हम और गिरीश जी मिलकर जनपद मे विकास की गंगा बहायेगे। सम्मेलन को लोकसभा प्रभारीअमरनाथ यादव जी, नागेश्वर पांडे जी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### रेलवे फाटक की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

**मऊ ।** जनपद के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरीडीह गांव में हजारों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर चुनाव का ही बहिष्कार करने का नारा लगाने लगे और बैनर लगा कर चुनाव बहिष्कार की घोषणा




किया । दरअसल पूरा मामला ग्रामीणों का रास्ते को लेकर है। बिगत 2 साल पहले जिस रास्ते से ग्रामीण आते जाते थे उस रास्ते को रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है । जिसके बाद ग्रामीणों को लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करके बाजार आना जाना पड़ता है । रास्ता बंद हो जाने से गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसमें सभी बुजुर्ग और बच्चो की शिक्षा, बाजार प्रभावित है । इस समस्या को लेकर हजारों की संख्या में ग्रामीण जमकर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाए हालांकि बैनर पोस्टर के साथ हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ ने यह भी बताया कि यहां किसी नेता का भी आना वर्जित है कोई नेता किसी काम का नहीं है जब हमारा काम नहीं कर पाएगा तो इस गांव में उनका आना हरगिज मना है। बताया जाता है कि रेलवे फाटक बंद होने से लगभग 10 गांव का संपर्क बाजार से टूट गया है। मरीज ,बच्चे, महिलाओं को तो किसी तरह की दुकान सहित सारी चीजों के लिए 5 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों द्वारा तमाम अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया लेकिन कहीं से कोई सुनवाई नहीं हुई । सुनवाई नहीं होने के बाद भारी संख्या में ग्रामीणों द्वारा इकट्ठा होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ही फैसला कर लिया।

### निर्वाचन से संबंधित शिकायतों को शिकायत रजिस्टर में जरूर दर्ज करें : जिलाधिकारी

**मऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में स्थित एमसीएमसी एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया



गया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में लगाए गए कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित शिकायतों को शिकायत रजिस्टर में दर्ज करें और संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु प्रेषित भी करें। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन से संबंधित शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 1950 है तथा सी विजिल ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। वही एम.सी.एम.सी. कंट्रोल रूम में लगे कर्मचारियों को सक्रियता से न्यूज चैनलों, फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर एवं अखबार सहित अन्य माध्यमों से प्रसारित खबरों एवं अन्य बातों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रभारी अधिकारी एम.सी.एम.सी. को अवगत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह तथा जिला सूचना अधिकारी डॉक्टर धनपाल सिंह उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### आचार संहिता लागू होते ही चला प्रशासन का डंडा,

**मऊ।** नगर पंचायत के अधिकारियों के नेतृत्व में दीवारों, खंभों और सार्वजनिक स्थानों पर



लगे पोस्टर-बैनर हटवाए। आम चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहित जारी होने के साथ ही 16 मार्च की शाम को क्षेत्र की सड़कों पर आचार संहिता का डंडा चलने लगा। शनिवार की शाम को ही नायब तहसीलदार सदर अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में अदरी चौकी प्रभारी व नगर पंचायत के अफसरों की टीमें निकल पड़ीं। इस दौरान दीवारों, खंभों पर लगे भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं, संभावित उम्मीदवारों के बैनर पोस्टर जेसीबी के सहायता से उतरवा दिए गए। कई स्थानों पर लगे होर्डिंग भी हटवा दिए गए। चुनावी माहौल बनाने के लिए लगाए गए पोस्टर-बैनरों को हटाए जाने का सिलसिला देर रात जारी रहा। इस मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा, अदरी चौकी प्रभारी अभिषेक मिश्रा, नगर पंचायत अदरी की टीम व राजस्व विभाग के लोग भी उपस्थित रहे।

### थाना खेतासराय पुलिस ने शातिर को मार्फिन के साथ किया गिरफ्तार



**जौनपुर।** खेतासराय पुलिस टीम ने आज रविवार को चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त नौशाद पुत्र स्व0 अख्तर निवासी चोरसड थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को नाजायज मार्फिन (नशीला पदार्थ)के साथ भुडकुडहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है।पकड़े गए अभियुक्त नौसाद के खिलाफ पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है। इसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इस पर डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज है।

## 31 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 261 सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षित कर किए गए नियुक्ति

# जिलाधिकारी की अपील... बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

♦ विधानसभावार फ्लाइंग स्क्वाड, स्थायी निगरानी के लिए 03-03 टीमें तथा 09 लेखा टीम, 09 वीडियो अवलोकन टीम का किया गया गठन

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है जिसमें जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना नामांकन कक्ष लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, 74-मछलीशहर (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र न्यायालय अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) जौनपुर कोर्ट नं0 14 किया जायेगा।

मतदान केन्द्र, स्थल एवं मतदाताओं की संख्या - 73-जौनपुर में 1141 मतदान केन्द्र, 1955 मतदान स्थल एवं 23 जनवरी 2024 को अन्तिम प्रकाशित मतदाता पुरुष 1015545, महिला मतदाता 942923, थर्ड जेण्डर 86, कुल 1958554, सर्विस मतदाता 1747 है।

74-मछलीशहर (अ.जा.) में मतदान केन्द्र 1187, मतदान स्थल 1944, पुरूष मतदाता 1006760, महिला मतदाता 917026, थर्ड जेण्डर 86, कुल 1923872, सर्विस मतदाता 2933 है। इस प्रकार जनपद में कुल मतदान केन्द्र 2328, कुल मतदान स्थल 3899, कुल पुरूष मतदाता 2022305, कुल महिला मतदाता 1859949, थर्ड जेण्डर 172, कुल मतदाता 3882426, सर्विस मतदाता 4680 है।

जनपद में वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाता - जनपद में 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 18193 वृद्ध मतदाता तथा 28825 दिव्यांग मतदाता है।जिन्हें पोस्टल बैलट से मतदान कराये जाने हेतु प्रारूप-12घ के वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील किया है कि बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। ` ` ` ` ` ` `

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के पश्चात ही निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता के लिए शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों हेतु तहसील के राजस्वकर्मी एवं नगरपालिका परिषद के कर्मियों की टीम गठित कर कार्यवाही प्रारम्भ करा दी गई है। घोषणा के दिनांक से 72 घंटे के अन्दर शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के बैनर, पोस्टर, वाल राइटिंग इत्यादि के हटाने का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र प्रारूप-2क एवं प्रारूप-26 में शपथपत्र देना होगा। प्रारूप-26 में अंकित सभी कालम भरना अनिवार्य है जो लागू न हो उसमें शून्य या लागू नहीं अंकित किया जाय। सामान्य अभ्यर्थी हेतु नामांकन के साथ रू0 25000 तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति रू0 12500 जमानत धनराशि जमा करना होगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन से संबंधित समस्त व्यय हेतु एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है।

वीवीपैट- आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रयोग किया जायेगा। ईवीएम एवं वीवीपैट से मतदान के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु जनपद स्तर एवं एआरओ स्तर पर 10 ` जनवरी 2024 से डिमान्स्ट्रेशन स्थापित कर समस्त को जानकारी प्रदान की गई है। उक्त के अतिरिक्त 25 जनवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक एलईडी युक्त वाहनों से जनपद के समस्त मतदान क्षेत्रों के एरियाओं में प्रचार-प्रसार कराकर जागरूक किया गया।

नोटा- निर्वाचन में नोटा के प्रयोग हेतु बैलट पेपर में अन्तिम क्रमांक पर नोटा प्रदर्शित किया जायेगा। व्यय अनुवीक्षण टीम-आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में जनपद में अवस्थित विधान निर्वाचन क्षेत्रों में विधानसभावार फ्लाइंग स्क्वाड, स्थायी निगरानी हेतु 03 शिफ्ट में 03-03 टीमे तथा 09 लेखा टीम, 09 वीडियो अवलोकन टीम, 09 वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है जो क्रियाशील हो गई है तथा जब्ती के निस्तारण हेतु 03 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिये व्यय की अधिकतम सीमा रू0 95 लाख नियत है। जोनल /सेक्टर मजिस्ट्रेट- जनपद में शान्तिपूर्ण निर्वाचन कराने हेतु कुल 31 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 261 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर प्रशिक्षित कर दिये गये है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदेय स्थल पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा व रूट का सत्यापन कर रहे है।

पैम्फलेट, पोस्टर, बैनर के सम्बन्ध में सामान्य निर्देश-जनपद में अवस्थित प्रेस स्वामियों द्वारा यदि कोई बैनर,पोस्टर,पैम्फलेट,होर्डिंग इत्यादि का प्रिन्ट किया जाता है तो वह अपने फर्म का नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित अवश्य किया जायेगा एवं प्रारूप-क एवं ख में सूचना देगा। मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानीटरिंग कमेटी जनपद स्तर पर एमसीएमसी का गठन कर दिया गया है जिसमें जिलाधिकारी-अध्यक्ष तथा जिला सूचना अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी, जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी, सदर एवं आरिफ हुसैनी जर्नलिस्ट सदस्य नामित किये

### इससे कर सकेंगे वोटिंग

मतदान के लिए विकल्प-मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पहचान पत्र का उपयोग किया जायेगा। यदि किसी के पास पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पर्ची के साथ अतिरिक्त 11 अन्य विकल्प में से कोई एक पहचानपत्र लाना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,` ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/ राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी(यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

# पीयू के चार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर गेट में प्राप्त की सफलता

♦ पीयू के कुलपति ने दी बधाई दिए निर्देश

**केटी न्यूज/जौनपुर**





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर जौनपुर के चार विद्यार्थियों ने आईआईटी द्वारा संपन्न कराए जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट) में सफलता प्राप्त किया है। विदित हो की इस बार गेट की परीक्षा को भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु द्वारा संपन्न कराया गया था। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के चार छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भौतिकी विभाग के छात्र अतुल यादव तथा भू एवं ग्रहीय अध्ययन विभाग कि छात्रा सोनल यादव ने गेट की परीक्षा को उत्तीर्ण किया और विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान के बी. टेक. मैकेनिकल विभाग के छात्र अमन कुमार एवं बी. टेक कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्र शैलेंद्र प्रताप सिंह ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। विद्यार्थियों की सफलता पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो संदीप सिंह, प्रो सौरभ पाल सहित अन्य प्राध्यापकों ने बधाई दी है।




## आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की प्रेस कान्फ्रेस

# आचार संहिता का होगा पूर्ण पालन, शांतिपूर्ण तरीके से होगा मतदान

**केटी न्यूज/मऊ**



लोकसभा चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद आज जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेड में जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र व पुलिस अधीक्षक इलामारन की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया।जिसमे बताया गया कि निर्वाचन की घोषण की दिनांक से 24 घण्टे के भीतर सरकारी भवनों, 48 घण्टें के भीतर सार्वजनिक स्थानों एवं 72 घण्टें के भीतर निजी भवन पर लगी प्रचार प्रसार सम्बन्धित समस्त सामग्रियों को हटाये जाने के निर्देश है। आयोग द्वारा दिनांक 06-06-2024 तक किसी भी प्रकार की जनसभा, पदयात्रा, वाहन रैली अथवा धरना प्रदर्शन प्रतिबन्धित किया गया है। रात्रि-00 से प्रातः 6-00 बजे के बीच में जनसभा एवं प्रचार प्रसार प्रतिबन्धित है। घर-घर प्रचार प्रसार में सुरक्षा कर्मी को छोड़कर अधिकतम 05 व्यक्ति ही प्रत्याशी सहित अनुमन्य है। किसी भी शासकीय वाहन का प्रयोग राजनैतिक दल एवं प्रत्याशीं द्वारा नहीं किया जायेगा। प्रिन्ट अथवा इलेक्ट्रानिक मीडिया में सरकार की उपलब्धियों को दिखाने पर रोक है। किसी भी मंत्री द्वारा सरकारी भ्रमण करेंगे एवं न ही सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रयोग करेंगे। शासकीय वाहनों का प्रयोग भी नहीं किया जायेगा। सकिट हाउस एवं डाक बंगला इत्यादि में जेड सुरक्षा प्राप्त राजनैतिक प्रतिनिधियों को ठहरने हेतु अनुमति दी जा सकती है इसका प्रयोग प्रचार-प्रसार हेतु नहीं किया जायेगा। मंत्री एवं अन्य द्वारा कोई अनुदान अथवा धनराशि स्वीकृत नहीं किया जायेगा। किसी भी प्रकार की सड़क, हैण्डपम्प, नियुक्ति एवं विकास से सम्बन्धित कार्य का लुभाना वादा नहीं किया जायेगा। सरकारी खर्चे से किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार नहीं किया जायेगा। जो सरकारी कार्य मौके पर चल रहा है वह चलता रहेगा किन्तु यदि कायार्देश जारी हुआ और कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है तो वह प्रारम्भ नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का शिलान्यास / लोर्कापण नहीं किया जायेगा। आगे कहा गया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से होगा । चुनाव में पैसा शराब बांटने वालों की खैर नहीं,अपराधियों पर भी कसी जाएगी नकेल। चुनाव में किसी प्रकार का योजनाओं के बारे में बोलने में मनाही होगी । घोसी लोकसभा क्षेत्र में कुल 2066457मतदाता है ,चुनाव 1जुन को होगा घोसी लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण 1 जून को मतदान होगा। जनपद में 2066457 है मतदाता, महिला 971004 और पुरुष1095381 है। दिव्यांग 15056, ट्रांसजेंडर 886 है। 85 वर्ष से अधिक 16274 है मतदाता मतदान केंद्र 1124, मतदेय स्थल 2125 , अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र 234 है।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## सुभाषितम्

ना तो कोई किसी का मित्र है ना ही शत्रु है। व्यवहार से ही मित्र या शत्रु बनते हैं। - हितोपदेश

# अमेरिका में अडानी समूह के खिलाफ जांच शुरू

अमेरिका में गौतम अडानी और अडानी समूह के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका के अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन न्याय विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में टिप्पणी करने से मना कर दिया है। अमेरिका का कानून, अपने अधिकारियों को विदेश में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में क्रास एग्जामिनेशन और दस्तावेजों की जांच करने की अनुमति देता है। अमेरिकी कानून के अनुसार इस तरह की किसी भी जांच के लिए एक शर्त होती है। अमेरिका के निवेशक का पैसा यदि उसमें लगा हुआ है, तो इस तरह के मामले में जांच की जा सकती है। 24 जनवरी 2023 को हिडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडानी समूह पर मनी लांड्रिंग के जरिए शेयर मैनिपुलेशन करने के आरोप लगाए गए थे। केस की जांच अमेरिका में अब शुरू हुई है। भारत में भी सुप्रीम कोर्ट ने 16 सदस्यों की कमेटी बनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को जांच करने के लिए कहा था। सेबी ने एक हिसाब से अडानी समूह को क्लीन चिट दे दी है। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लगभग ठंडे बस्ते में चला गया है। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में जानकारी दी गई है, रिन्यूबल एनर्जी कंपनी, एज्योर पावर ग्लोबल की जांच की जा रही है। न्यूयॉर्क के पूर्वी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन के न्याय विभाग द्वारा धोखाधड़ी की जांच की जा रही है। भारत में हाल ही में इलेक्टोरल बांड का मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तूल पकड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इलेक्टोरल बांड के संबंध में समस्त जानकारी स्टेट बैंक आफ इंडिया को चुनाव आयोग को देनी पड़ी है। चुनाव आयोग ने स्टेट बैंक से मिली जानकारी को पोर्टल में अपलोड कर दिया है। उसके बाद से ही भारत में कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार, ईडी और सीबीआई की संलिप्तिता को लेकर तूफान मचा हुआ है। इलेक्टोरल बांड भारत का अभी तक का हुआ सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का घोटाला बताया जा रहा है। विपक्षी दलों द्वारा इस मामले में अडानी समूह के साथ-साथ सरकार को भी निशाने पर लिया गया है। भारत सरकार की अडानी समूह पर मेहरबानी रही है। इलेक्टोरल बांड के साथ-साथ अब पीएम केयर फंड के घपले-घोटाले में शामिल किया जा रहा है। जिस तरह से इलेक्टोरल बांड की जानकारी को गुप्त रखा गया था, उसी तरह पीएम केयर फंड की जानकारी को भी गुप्त रखा गया है। सूचना अधिकार कानून के तहत इसकी कोई जानकारी अभी तक उजागर नहीं की गई है। पीएम केयर फंड का कोई भी ऑडिट केग तथा सीए द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। भारत में इलेक्टोरल बांड के खुलासे के बाद अब पीएम केयर फंड को भी विपक्ष ने निशाने पर ले लिया है। अमेरिका में गौतम अडानी के आचरण तथा अडानी समूह की कंपनी द्वारा भारतीय अधिकारियों को एनर्जी प्रोजेक्ट में अपने मन मुताबिक काम करने के लिए रिश्वत देने का आरोप है। अमेरिकी न्यायालय तथा कानून विभाग की जांच में अडानी समूह को सारी जानकारी अनिवार्य रूप से देना पड़ेगा। अमेरिकी न्यायालयों और जांच एजेंसी का काम करने का तरीका भारत से अलग है। भारत में अडानी समूह के बचाव में सरकार खड़ी हो गई थी। अमेरिका में यह संभव नही हो पाएगा। भारत में रिलायंस समूह और अडानी समूह के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा भी अमेरिकी जांच को नया मोड़ दे सकती है। अडानी समूह का अंतरराष्ट्रीय व्यापार है। उसके अंतरराष्ट्रीय निवेशक हैं। हिन्नडबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडानी समूह के ऊपर मनी लांड्रिंग और शेयर मैनिपुलेशन के आरोप हैं। उनकी जांच शुरू हो जाने से भविष्य में अडानी समूह की मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। अडानी समूह द्वारा अमेरिका में इस तरह की जांच से इनकार किया है, लेकिन जो रिपोर्ट आई है, उसके अनुसार अमेरिका में जांच शुरू हो गई है। भारत के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, अमेरिका में अडानी समूह का बच पाना बहुत मुश्किल है। अमेरिका में भी राष्ट्रपति पद के चुनाव इसी वर्ष होना है। अमेरिका का मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस तरह की खबरों को उजागर करने में जी-जान लगा देता है। ऐसा लगता है कि अब अडानी समूह की मुसीबतें बढ़ती चली जा रही हैं।

## चिंतन-मनन

# नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है। मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है।

# जाति तोड़ो व परिवारवाद के विरोधी डॉ लोहिया

- रामरतन चूड़ीवाला



मेराजन्म पूर्वी बिहार के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी शुभकरण चूड़ीबाला के परिवार में हुआ, जोइस क्षेत्र के जमनालाल बजाज के नाम से प्रसिद्ध थे। यह उपाधि इस क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों ने दी थी। आजादी की लड़ाई में गांधी के आह्वान पर हिस्सा लिया। इस नाते मेरा घर स्वतंत्रता सेनानियों तथा समाजसेवियों का केन्द्र रहा है। इसी क्रम में डॉ राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश,निर्मला देशपांडे,विनोवा भावे, राजनारायण सहित अनेक नेताओं को आना जाना रहा। पर समाजसेवा ने मुझे ज्यादा प्रभाावित किया। इस नजरिये से लोहिया का मूल्यांकन जरूरी समझा । वे राजनीतिक कम थे और समाज के हित की ज्यादा सोचते थे। राजनीति में वैचारिकता के लगातार बढ़ते ह्रासके दौर में आने वाले दौर के लोग हैरत करेंगे कि दुनिया में एक ऐसा फक्कड़ राजनेता भी पैदा हुआ था, जिनकी वैचारिकता की परिधि में समाज, धर्म, राजनीति और अर्थ नीति जैसे तमाम विषय शामिल हैं। निधन के लंबे बाद भी लोहिया के विचार का प्रासंगिक बने रहना अहम है। ।लोहिया अनेक सिद्धान्तों, कार्यक्रमोंऔर क्रांतियों के जनक हैं। वे सभी अन्यायों के विरुद्ध एक साथ जेहाद बोलने के पक्षधर थे। उन्होंने एक साथ सात क्रांतियों का आह्वान किया। वह इन क्रांतियों केबारे में बताते हैं कि सातों क्रांतियां संसार में एक साथ चल रही हैं। अपने देशमें भी उनको एक साथ चलाने की कोशिश करना चाहिए। जितने लोगों को भी क्रांति पकड़ मेंआयी हो उसके पीछे पड़ जाना चाहिए और बढ़ाना चाहिए। बढ़ाते-बढ़ाते शायद ऐसा संयोग होजाये कि आज का इन्सान सब नाइंसाफियों के खिलाफ लड़ता-जूझता ऐसे समाज और ऐसी दुनिया को बना पाये कि जिसमें आन्तरिक शांति और बाहरी या भौतिक भरा-पूरा समाज बन पाये। उन्होंने सदियों से दबाये एवं शोषित किये गये दलित एवं पिछड़े वर्ग को ज्यादा अधिकार देने की बात की। समाजवाद समतामूलक समाज की स्थापना के लिए व्यवस्था व संस्कार के बुनियादी ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन की वकालत करता है। डॉ० राम मनोहर लोहिया इसी रास्ते के वह फकीर थे जिनके पग चिन्हों को तलाशते हुए। भारत के अनेक सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्त्ता व्यवस्था परिवर्तन से सत्ता परिवर्तन की राह केपथिक बने। वे राजनीति में एकाधिकार,परिवादवाद के कट्टर विरोधी थे। परिवर्तन को लेकर उनका स्पष्ट मानना था कि जिस तरह तवे पर रोटी एक तरफ रहने के कारण जल जाती है या कच्ची रह जाती है, उसी तरह उलटफेर लोकतंत्र में जरूरी है। लोग शिक्षित होंगे तथा जागरूक होंगें। महात्मागाँधी के बाद लोहिया ही ऐसे भारतीय वैश्विक चिन्तक हुए जिन्होंने दुनिया कीराजनीतिक विचारधारा को प्रभावित किया और भारत से बाहर सत्याग्रह कर गिरफ्तारी देकर मानवीय विभेद को चुनौती दी। ऐसे में जब लोकतंत्र में लोक की बजाय तंत्र तथा राजनीति में नीति के सापेक्ष राजतत्व ज्यादा मजबूत हो रहा हो,लोहिया के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक है। उनका चिंतन आज की कई समस्याओं का हल सुझा सकती है और उनके आधार पर भावी भारत के कई सुनहरे सपनों को पूरा भी किया जा सकता है। खुदको कुजात गांधीवादी बताने वाले डॉ. लोहिया उस सरकारी गांधीवादी के नजदीकी रहे थे, जिनकी नीतियों का आजाद भारत में उन्होंने हर मोर्चे पर विरोध किया। नेहरू उन्हें एक दौर में छोटा भाई मानते थे। लेकिन आजाद भारत में नेहरू की नीतियों की आलोचना करने का उन्होंने एक भी अवसर नहीं छोड़ा। चाहे तिब्बत का सवाल हो, चाहे चीन की विस्तारवादी नीति की अनदेखी के साथचीन की ओर बढ़ते दोस्ती का हाथ हो या फिर आम लोगों की दुश्वारी का सवाल हो, वे नेहरूवादी नीतियों को तार्किक ढंग सेजिम्मेदार ठहराने से नहीं चूके। लोहिया की सोच सरकार का मूक समर्थन करने के बजाएउसकी गलत नीतियों के विरोध पर ज्यादा थी। चीनके हाथों 1962 की करारी हार के बाद लोहिया को लगा कि बिना कांग्रेस से मुक्ति के आजादी के दौरान देश को लेकर देखे गए सपनों को पूरा करना संभव नहीं होगा, इसलिए उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का दर्शन दिया। इस गैर कांग्रेसवाद की परिधि में ही उन्होंने कट्टरवादी हिन्दू संगठन,वामदलों सहित अनेक विचारधाराओं को जोड़ा। 1963 में गैर कांग्रेसवाद की जो नींव लोहिया ने दीनदयाल उपाध्याय के साथ रखी थी,उस नींव ने अजेय समझी जाने वाली कांग्रेस की राजनीतिक नींव को हिलाकर रख दिया। 1963 के उपचुनावों में बेशक उत्तर प्रदेश के जौनपुर से दीनदयाल उपाध्याय चुनाव नहीं जीत पाए, हालांकि इसकी वजह उनकी कट्टर सिद्धांतवादिता रही, लेकिन फरूखाबाद से खुद लोहिया, अमरोहा से आचार्य जेबी कृपलानी व राजकोट से जीतकर मीनू मसानी लोकसभा पहुंचे और लोकसभा की सूरत ही बदल गई। लोकसभा की प्रखरवैचारिक बहसों ने देश को हिलाकर रख दिया और इसके साथ ही जो माहौल बना, उस माहौल में 1967 के चुनावों में नौ राज्यों में विपक्षी दलों की संविद सरकारें बनीं, जिसमें लोहिया के अनुयायियों की बड़ी भूमिका थी। इसी दौरान डॉ. लोहिया का असामयिक निधन हो गया और समाजवादियों का अंतर्विरोध चरमपर जा पहुंचा। डॉ.लोहिया का जोर ज्यादातर वैचारिक आंदोलनों पर रहा, उन्होंने अपनी प्रखरता से अपने सिद्धांत केनए-नए सोपान तय किए। लोहिया के लिए विचार कितना महत्वपूर्ण था,इसका अंदाजा उनके उस बयान से ही लगाया जा सकता है, जिसमेंउन्होंने कहा था कि बदलो या टूट जाओ। इसके लिए उन्होंने पांच कारण गिनाए थे-स्त्री, जाति,संपत्ति, ईश्वर और राष्ट्रीयता। उन्होंने जाति तोड़ो और जनेउ तोड़ो जैसा नारा दिया। लोहिया का कहना था कि भारतीय समाज स्त्री और पुरुष केप्रति एकनिष्ठ व्यवहार का हामी है और किसी भी कीमत पर इसमें विचलन बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके साथ ही उन्होंने जाति को एक कटु सच्चाई भी माना था। भारतीय समाज कोअपनी-अपनी हैसियत में संपत्ति बनाने की पूरी आजादी है और वह ईश्वर के प्रति असीम भरोसा रखता है। लोहिया मानते थे कि भारतीय भूमि के निवासियों के लिए राष्ट्रीयता तमाम विचारों से कहीं ऊपर है। लोहिया राष्ट्रवादी तो थे, लेकिन विश्व-सरकार का सपना भी देखते थे। वे आधुनिकतम विद्रोही और क्रांतिकारी थे, लेकिनशांति व अहिंसा के भी अनूठे उपासक थे। इतना नहीं, लोहिया मानते थे कि पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों एक-दूसरे के विरोधीहोकर भी दोनों एकांगी और हेय हैं। इसलिए इन दोनों से समाजवाद ही छुटकारा दिला सकताहै। डॉ.लोहिया समाजवाद को प्रजातंत्र के बिना अधूरा मानते थे। उनकी दृष्टि में प्रजातंत्रऔर समाजवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। लोहिया की नजर में समाजवाद और प्रजातंत्र एक-दूसरे के बिना अधूरे तथा बेमतलब हैं। उनके जाति तोड़ो व परिवारवाद के विरोधी विचार को किनारे कर रखा है। बावजूद इसके अगर नए भारत की राह की खोज की जाती है, तो उसमें लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक नजर आते हैं।

# श्रीराम के जीवन से प्राप्त होने वाली शिक्षाएँ

- डॉ. शारदा मेहता

श्रीराम मर्यादापुरुषोत्तम हैं। जन्म से लेकर परमधाम जाने तक हर क्षण वे मयार्दा में रहे। बड़ी से बड़ी कठिन परिस्थिति में वे विचलित नहीं हुए। कभी भी श्रीराम को क्रोधित होते नहीं देखा। कैसी भी परिस्थिति हो, कितनी भी बड़ी समस्या हो, उन्होंने उसका सामना धैर्यपूर्वक किया। वे सर्वदा गरिमामय वातावरण निर्मित कर हर समस्या का निदान सूझबूझ से करते थे। किसी पर भी दोषारोपण करके उसे दंडित नहीं करते थे। उनके जीवन की प्रत्येक अवस्था पर हम दृष्टिपात करें तो उनके सम्पूर्ण चरित्र से कोई न कोई शिक्षा प्राप्त होती है-

बाल्यावस्था- बाल्यावस्था में वे अपने तीनों भाई भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करते थे। चारों भाई साथ-साथ भोजन करते थे। सभी अपने सखाओं के साथ खेलने जाते थे। सभी आखेट का खेल खेलते थे। सभी छोटे भाइयों की ओर उनका ध्यान रहता था। भरतजी श्रीराम के बाल्यावस्था के व्यवहार के विषय में कहते हैं-

सिसुपन तें परिहरेऊँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू।।
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहि मोही।।

भाव यह है कि भरतजी ने शैशवावस्था से साथ नहीं छोड़ा। रामजी ने भी मेरे (भरतजी के) मन को नहीं तोड़ा। मैंने प्रभु की मुझ पर कृपा की रीति को हृदय में भली भाँति देखा है। मेरे हारने पर भी खेल में मुझे जिता देते थे।

माता-पिता तथा गुरु की आज्ञा का पालन करते थे। सुबह उठकर-

प्रातकाल उठि के रघुनाथा। मातु पिता गुरु नावहिं माथा।
आयसु मागि करहिं पुर काजा। देखि चरित हरषइ मन राजा।।

पितृभक्ति : श्रीराम की पितृभक्ति अनुकरणीय है। माता कैकेयी उन्हें जब यह बतलाती है कि पिताजी ने तुम्हें चौदह वर्ष वन जाने की आज्ञा दी है तो श्रीराम उसे सहज ही स्वीकार कर लेते हैं। वे कहते हैं कि-

सुनि जननी सोई सुतु बड़भागी।
जो पितु मातु बचन अनुरागी।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा।
दुर्लभ जननि सकल संसारा।।

भाव यह है कि हे माता! वही पुत्र भाग्यवान है जो माता-पिता के वचनों का पालन करता है। आज्ञा पालन के द्वारा माता-पिता को सन्तुष्ट करने वाला पुत्र, हे जननि! सारे संसार में दुर्लभ है। श्रीराम की मातृभक्ति : शैशवावस्था में बालक माता के सम्पर्क में सर्वाधिक रहता है। माता से ही उसे उत्तम संस्कार प्राप्त होते हैं। श्रीराम अपनी माता को अत्यधिक सम्मान देते हैं, किन्तु साथ ही साथ कैकेयी का भी सम्मान करते हैं। माता कौसल्या श्रीराम से कहती है कि पिता से माता की आज्ञा बड़ी है अतः हे राम! तुम वन में मत जाओ-

जौ केवल पितु आयसु ताता। तौ जनि जाहु जानि बड़ी माता।।

जब श्रीराम ने कैकेयी की आज्ञा माता कौसल्या को सुनाई तो एक आदर्श माता के रूप में वे मौन हो गईं। वे श्रीराम को कहती हैं कि वन के देवता तुम्हारे पिता होंगे और वनदेवियों को तुम माता स्वरूप मानना। वन के पशुपक्षी तुम्हारे सेवक होंगे। जब श्रीराम के वन गमन के पश्चात सभी जन भरतजी के साथ चित्रकूट में श्रीराम लक्ष्मण तथा सीताजी से भेंट करने जाते हैं तो वहाँ कैकेयी के पश्चाताप को देखिये-

लखि सिय सहित सरल दोउ भाई। कुटिल रानि पछितानि अघाई।।
अवनि जमहि जाचति कैकेई। महिन बीच बिधि मीचु न देई।।

भाव यह है कि कुटिल कैकेयी श्रीराम लक्ष्मण का सहज सरल व्यवहार देखकर पश्चात्ताप कर रही है। वह यमराज से प्रार्थना करती है कि उसे पृथ्वी फटकर स्थान दे दें।

गुरुकुल गमन : श्रीराम राजा दशरथ को अत्यधिक प्रिय थे। गुरु विश्वामित्र उन्हें गुरुकुल में शिक्षा देने के लिए अयोध्या पधारे। इस समाचार से राजा दशरथ अत्यधिक दुःखी होते हैं। वे श्रीराम से क्षण भर भी अलग होना नहीं चाहते हैं। वे गुरु विश्वामित्र से कहते हैं-

सब सुत प्रिय मोहि प्रान की नाईं। राम देत नहीं बनई गोसाई।।
कहँ निसिचर अति घोर कठोरा। कहँ सुन्दर सुत परम किशोरा।।

वन में श्रीराम लक्ष्मण ने बड़ी श्रद्धा के साथ गुरुजनों की राक्षसों से रक्षा की और उनकी तपस्या, यज्ञ, पूजन में विघ्न उपस्थित नहीं होने दिया। दशरथजी ने मृत्यु के समय भी श्रीराम को स्मरण किया-

राम राम कहि राम कहि राम राम कहि राम।
तनु परिहरि रघुबर बिरहँ राउ गयउ सुरधाम।।

गुरु विश्वामित्र के आश्रम में रहते हुए श्रीराम तथा लक्ष्मण ने शीघ्र ही विद्या प्राप्त कर ली-

गुरु गृह गये पढन रघुराई। अल्पकाल सब विद्या आई।।

यह पंक्ति दशार्ती है कि सावधानीपूर्वक, मन लगाकर तल्लीन होकर शिक्षा प्राप्त की जाए तो शीघ्र ही सफलतापूर्वक विद्या प्राप्त की जा सकती है।

जनकपुर गमन : जनकपुर में धनुष यज्ञ की सूचना गुरु विश्वामित्र को प्राप्त हुई। वहाँ जनक पुत्री सीताजी का स्वयंवर का आयोजन किया गया था। गुरुजी श्रीराम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर गए। दोनों भाइयों ने जनकपुर की छटा देखी। वे दोनों अत्यधिक प्रभावित हुए। रात्रि में दोनों भाइयों ने गुरु के पैर दबाए और उनकी आज्ञा से शयन करने गए। प्रातःकाल जल्दी उठकर, नित्यक कर्म करने के पश्चात गुरु की आज्ञा लेकर जनकपुर की पुष्पवाटिका देखने गए। वहाँ सीताजी भी अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन करने आई थी। यहाँ भी रामजी मर्यादित रहे। गुरु के साथ धनुष यज्ञ में सम्मिलित हुए। गुरु के कहने पर धनुष संधान किया और उसे भंग कर दिया। सीता स्वयंवर सम्पन्न हुआ और सीताजी ने श्रीराम को वरमाला पहना दी। जनकपुर में धनुष भंग की सूचना परशुरामजी को लगी तो वे क्रोधित होकर जनकपुर आ गए। इतनी कठिन परिस्थिति में भी श्रीराम विचलित नहीं हुए। परशुरामजी के क्रोध की पराकाष्ठा हो गई पर वे शान्त भाव से उन्हें श्रवण करते रहे। वे श्रीपरशुरामजी से कहने लगे-

बररै बालकु एकु सुभाऊ। इन्हहि न संत विदूषहिं काऊ।।
तेहिं नाही कछु काज बिगारा। अपराधी मैं नाथ तुम्हारा।।

भाव यह है कि लक्ष्मण ने काम नहीं बिगाड़ा है। धनुष मैंने तोड़ा है अतः अपराधी आपका मैं हूँ। लक्ष्मणजी ने चुहलबाजी की तो रामजी ने परिस्थिति को विकट होने से बचाया और कहा-

राम कहेउ रिस तजिअ मुनीसा। कर कुठारू आगे यह सीसा।
जेहिं रिस करिअ सोइ स्वामी। मोहि जानिय आपन अनुगामी।।

# पत्रकारिता के आदर्श पुरुष रहे डॉ रामचंद्र पूरी!

-डॉ श्रीगोपाल नारसन

रुड़की में कभी शिक्षा व पत्रकारिता के क्षेत्र में डॉ रामचंद्र पूरी का बड़ा नाम रहा है। एक आदर्श प्राध्यापक के रूप में जहां उनकी विद्वता का सभी लोहा मानते थे ,वही बेखौफ पत्रकारिता उनकी पहचान होती थी। छात्रों के हिमायती और भृष्टे के कट्टर दुश्मन डॉ पूरी बड़े से बड़े अधिकारी व नेता से भी भिड़ जाते थे। उन्हें संस्कृत व्याकरण का पंडित माना जाता था। कभी मध्यप्रदेश से आकर पहले हरिद्वार के निरंजनी अखाड़े को और फिर ग्रहस्थ आश्रम में प्रवेश कर रुड़की को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले डॉ रामचंद्र पूरी रुड़की में हिंदी पत्रकारिता का एक ऐसा नाम रहा है ,जिसकी गूंज विदेशो तक मे गुंजायमान रही है। चाहे पत्रकारों के स्वाभिमान का अवसर हों या फिर महत्वपूर्ण जनसमस्याओं के लिए संघर्ष अथवा रुड़की की पौराणिक ,आध्यात्मिक, ऐतिहासिक धरोहर को शब्दों में पिरोकर देश दुनिया के सामने परोसने की बात, डॉ रामचंद्र पूरी हमेशा लेखन मामले में अग्रणी रहे है। मध्यप्रदेश के एक ब्राह्मण परिवार में जन्मे डॉ रामचंद्र पूरी किशोरावस्था में ही संत बनने के जुनून में घर से हरिद्वार आ गए थे,उन्होंने संस्कृत में एमए व फिर पीएचडी किया और बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की में हिंदी विभाग के प्राध्यापक बन गए। उन्होंने पत्रकारिता का भी जिम्मा संभाला, जिससे क्षेत्र के युवा पत्रकारों को पत्रकारिता में कैरियर बनाने का उनकी प्रेरणा से अवसर भी मिला। डॉ पूरी के शिष्यों की संख्या आज भी सैकड़ो में गिनी जा सकती है। नवभारत टाइम्स का रुड़की से प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ रामचंद्र पूरी ने दुर्गा सप्तशती पुस्तक प्रकाशित की। उन्होंने सूरीनाम समेत कई देशों की यात्रा की और संस्मरण लिखे। मेरे से उनका हमेशा आत्मीय रिश्ता रहा। मैं कई बार अकेले तो कई बार वरिष्ठ साहित्यकार डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण जी के साथ उनके घर पर जाने और परिजन की तरह बतियाने का अवसर मिला। उन्होंने एक राष्ट्रीय हिंदी दैनिक से संबंद्ध होकर एक पत्रकार के रूप में अपना दायित्व निभाया। वे हमेशा अपने बारे में किसी को कुछ बताने से हिचकते थे,जबकि दुसरो की तारीफ में उन्होंने कभी कोई कंजूसी नही की। लेकिन साफगोई से बोलना उन्हें बहुत भाता था। उनके नाम के साथ पूरी शब्द उनके निरंजनी अखाड़े से सम्बद्ध होने की पहचान था। उन्होंने पैंतीस वर्ष से अधिक समय तक प्राध्यापक के रूप में सेवाए देते रहे। उनपर पत्रकारिता का हमेशा जुनून रहा। उनकी शादी डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण की धर्मपत्नी डॉ आशा शर्मा की ममेरी बहन से हुई थी । साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, पत्रकारीय संस्थाओं में भागीदारी उनकी हमेशा बनी रही। उन्हें उनके इष्टदेव राम ने हमेशा खुश रखा , खुश ही रहने की कोशिश में वे सदा लगे रहे। पढना, पढाना, लिखना, घूमना, हर दिन कुछ नया सीखना और कुछ नया करने की ललक रखना, खुद पर हंसने के बहाने ढूंढना उनकी आदत में शुमार रहा। वे भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय संगीत पसन्द करते थे, वे जिन साहित्यकारों की पुस्तकें पढ़ते थे उनमें हरिवंशराय बच्चन, दिनकर, भारती, नन्दन, वृन्दावनलाल वर्मा, चतुरसेन, गालिब, क.मा.मुंशी, विस खाण्डेकर आदि शामिल है। पत्रकारिता से जुड़े आयोजनों में उनकी उपस्थिति उनको एक सक्रिय पत्रकार, एक सक्रिय प्राध्यापक व एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में स्थापित करती थी। लंबे समय तक बीमारी से जूझते हुए आखिरकार डॉ रामचंद्र पूरी मुंबई में 14 मार्च को देहावसान हो गया जबकि अंतिम संस्कार 16 मार्च को मुंबई में ही उनकी बेटी द्वारा किया गया।

## आज का राशिफल

**मेष** आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी।

**तुला** सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृषभ** आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आप किसी जरूरी योजनाओं को पूरा करने में बिजी रहेंगे।

**वृश्चिक** मामलों में लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होगी। आज का दिन काफी मजबूत है।

**मिथुन** दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा।

**धनु** सतर्कता से बिताने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होगा।

**कर्क** आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें आपको लाभ मिलेगा।

**मकर** आर्थिक लाभ का दिन है और आपके व्यापार में आज काफी तेजी बनी रहेगी।

**सिंह** धर्म आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना फायदा देगा।

**कुंभ** दिन काफी सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से आपके ऊपर खराब असर हो सकता है।

**कन्या** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी करियर कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपको लाभ होगा।

## विशेष

# भाजपा के पास ध्रुवीकरण और तोड़फोड़ के अलावा कुछ नहीं

भाजपा की राजनीति में धार्मिक ध्रुवीकरण और तोड़फोड़ की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। पहले पार्टी विचार धारा के कारण पहचानी जाती थी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा का स्वरूप ही पूरी तरह से बदल गया है। अब भारतीय जनता पार्टी 80-20, धार्मिक ध्रुवीकरण, तोड़फोड़,ऑपरेशन लोट्स के कारण सारे देश में पहचानी जाती है। भाजपा ने जिस तरह जांच एजेंसियों का उपयोग विपक्षी दलों को समाप्त करने के लिए किया है। विपक्षी दलों के नेताओं को तोड़कर भाजपा में लाकर,संख्या बल के आधार पर भाजपा ने सत्ता में अपनी पकड़ बनाई है। वर्तमान स्थिति में भाजपा के अंदर इसका विरोध होना शुरू हो गया है।

# राजस्थान से ज्यादा खराब हालत हरियाणा के

लोकसभा और राज्यसभा के दोनों चुनाव में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। हरियाणा की हालत राजस्थान से ज्यादा खराब है। राजस्थान में भाजपा के दो गुट थे। हरियाणा में जितने नेता हैं,उतने ही भाजपा के गुट बन गए हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर अभी भाजपा का कब्जा है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर भाजपा के लिए खतरा है। विधानसभा के लिए भी कोई अच्छी स्थिति नहीं है। हरियाणा में भाजपा के नेता अब कांग्रेस में जा रहे हैं। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के खिलाफ कांग्रेस के जो नेता हैं।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1554: ब्रिटेन की राजकुमारी एलिजाबेथ को थामस वाट के विद्रोह में शामिल होने आरोप में लंदन टावर में भेजा गया . 1776: जार्ज वाशिंगटन के सैनिकों ने बोस्टन पर कब्जा किया. 1813 : हैम्बर्ग,जर्मनी पर रूसी सैनिकों ने कब्जा किया. 1891: व सम्मती वयाचा कायदा बिल पर नगर वाचनालय में परिसंवाद का आयोजन किया गया. 1915: भारत रक्षा अधिनियम पारित, 1919: भारतीयों के अधिकारों का दमन करने वाला रोलट एक्ट पारित किया गया. 1921: एडोल्फ हिटलर और बेनिटो मुसोलिनी के बीच ब्रेनर दर्रे में मुलाकात हुई थी. 1944: आजाद हिंद फौज ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में बर्मा की ओर से भारतीय सीमा में प्रवेश किया. 1965: सोवियत अंतरिक्ष यात्री अलेक्से लियोनोव अंतरिक्ष में तैरने वाला पहला व्यक्ति बना.

## दैनिक पंचांग

18 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.54 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 07.29 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.09 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.07 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.20 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 15.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 17.49 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 19.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.14 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.30 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 02.35 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.22 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 78 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन
**पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 22.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 18.11 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 16.36 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 10.17 बजे तदनन्तर कौलव 22.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 00° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871922
**जूलियन दिन** 2460387.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# मक्का उत्पादन की नवीनतम तकनीक



## खेत की तैयारी

**भूमि का चयन एवं भूमि की तैयारी –**

बलूई दुमट मिट्टी जिसमें उत्तम जल निकासी वाली भूमि मक्का उत्पादन के लिए उपयुक्त है।

**उपयोग किए जाने वाले कृषि यंत्र –**

हल, बख्खर, पाटा, डोरा, मक्का बुवाई एवं कटाई यंत्र।

## बुवाई प्रबंधन

**(क) बोनी का उपयुक्त समय**

बुआई हेतु 15-30 जून खरीफ मौसम मे एवं रबी मौसम मे अक्टुम्बर माह मे उपयुक्त होगा। जायद के लिये फसल बुआई का समय निश्चित करते समय यह ध्यान रखे की फुल की अवस्था के समय तापमान 35 से.ग्रे. से अधिक न हो

**–(ग) बोने की गहराई –**

3 से 5 सेमी

(घ) बुवाई का तरीका -

रिज बेड में कतार से बुवाई



## बीजोपचार

बीजोपचार का लाभ -बीजों की अंकुरण क्षमता बढ़ जाती है एवं बीज जनित फंफूंदजन्य बीमारियों से सुरक्षा होती है।

फंफूंदनाशक दवा का नाम एवं मात्रा - बीमारी के बचाव हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम एवं थायरम 2 ग्राम/किग्रा बीज अथवा वीटावेक्स पावर 1 ग्राम/किग्रा की दर से उपचार करे। कीट प्रबंध के लिये एमीडाक्लोप्रीड 70 (डब्ल्यू एस) 5 ग्राम/किग्रा बीज से उपचारित करे जिससे पौधे 30 दिन तक सुरक्षित होगें।

दवा उपयोग करने का तरीका - बीजों को पहले चिपचिपे पदार्थ से भिगोकर दवा मिला दें फिर छाया में सुखाएं और 2 घंटे बाद बोनी करें।

## जैव उर्वरक का उपयोग

(क) जैव उर्वरकों के उपयोग से लाभ - ये पौधों को पोषक तत्व उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं।

(ख) जैव उर्वरकों का उपयोग - 3 कि.ग्रा. पी.एस.वी. एवं 3 कि.ग्रा. एजोटोबेक्टर को लगभग 100-150कि.ग्रा.गोबर की खाद में मिलकार बुवाई के पहले छिडकाव करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं ।

## नींदा प्रबंधन

मक्का फसल को शुरूवाती अवस्था मे नींदा रहित होना चाहिये अन्यथा उत्पादन मे कमी आती है। मक्का की फसल में एट्राजीन 1किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई के बाद परन्तु उगने के पूर्व उपयोग करे । अन्तरवर्ती (मक्का / दलहन/तिलहन) फसल व्यवस्था में पेंडीमिथिलिन 1.5 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर बोनी के तुरंत बाद किंतु अंकुरण के पूर्व नींदानाशकों का उपयोग करें। मक्का फसल में चैड़ी पत्तीवालें खरपतवारों की अधिकता होनें पर 30-35 दिन पर 2,4-डी का 1.0 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर उगे हुये खरपतवारों पर छिड़काव कर नियंत्रण किया जा सकता है

## कटाई एवं गहाई

साधारण थ्रेशर में थोड़ा परिवर्तन करते हुयें मक्का की गहाई आसानी से की जा सकती है। इसमें मक्के के भुट्टे के छिलके निकालने की आवश्यकता नहीं है। सीधे भुट्टे सूखे होने पर थ्रेशर में डालकर गहाई की जा सकती है। तथा साथ ही दानें का कटाव भी नही होता है। कडबी एवं भुट्टे खेत में काफी सूख जाते है। इस दशा में सीधे कडबी सहित थ्रेशर में डालने से भी दाने आसानी से निकाले जा सकते है। एवं कडबी का भूसा जानवरों के खाने योग्य बन जाता है।

## उपज एवं भंडारण क्षमता

(क) उपज - खरीफ−45 - 55 क्विं./हे. एवं रबी−75 - 80 क्विं./हे.

(ख) भंडारण क्षमता - बीजों को 8-9 प्रतिशत नमी रहने तक सुखाकर भण्डारित करें

## अधिक उपज प्राप्त करने हेतु प्रमुख बिंदु



(क) उचित जल निकास वाली भूमि का चयन करें।

(ख) भूमि की उपयुक्तता के अनुसार प्रजाती का चुनाव करें।

(ग) संतुलित एवं अनुशंसित खाद की मात्रा का प्रयोग करें।

(घ) बीज, कीटनाशक, दवाओं आदि की अनुशंसित मात्रा का ही प्रयोग

(ड़) अधिक उत्पादन देने वाली संकर किस्मों का प्रयोग करें।

(च) नींदा नियंत्रण हेतु आरंभिक अवस्था में खरपतवार प्रबंधन करें।

(छ) कीट व्याधि से बचाव के लिए प्रबंधन करें।

## पोषक तत्व प्रबंधन

(क) गोबर की खाद/कम्पोस्ट की मात्रा एवं उपयोग - सामान्यतः 6 से 8 टन प्रति हे. की दर से कम्पोस्ट अथवा केंचुआ खाद का प्रयोग बोनी के पूर्व करना चाहिए।

(ख) मिट्टी परीक्षण के लाभ-पोषक तत्वों का पूर्वानुमान कर संतुलित खाद दी जा सकती है।

रासायनिक उर्वरकों की मात्रा मिट्टी परीक्षण परिणाम के आधार पर देना अधिक लाभप्रद होगा। नत्रजन की एक तिहाई मात्रा एवं स्फुर तथा पोटाश की पूरी मात्रा बुआई करते समय सरते से कतारों में दें।शेष दो तिहाई में सें एक तिहाई नत्रजन 25-30 दिन पर एवं एक तिहाई 45-50 दिन पर खड़ी फसल में दे।खेत में पानी भरने की स्थिति में एवं निंदाई गुड़ाई में देरी होने पर नत्रजन 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से निश्चित रूप से दें।खड़ी फसल में नत्रजन का प्रयोग निंदाई उपरान्त ही करें।

### (घ) संतुलित उर्वरकों के उपयोग में सावधनियां

समय पर संतुलित खाद उचित विधि से दें एवं अधिक खाद का प्रयोग न करें।

### (ड़) सूक्ष्म तत्वों की उपयोगिता, मात्रा एवं प्रयोग का तरीका

25 किग्रा/हेक्टेर जिन्क सल्फेट बोने से पहले छिटकवा विधी से देना चाहिये।



# तिल की उत्पादन तकनीक



## भूमि का प्रकार


हल्की रेतीली, दोमट भूमि तिल की खेती हेतु उपयुक्त होती हैं। खेती हेतु भूमि का पी.एच. मान 5.5 से 7.5 होना चाहिए। भारी मिटटी में तिल को जल निकास की विशेष व्यवस्था के साथ उगाया जा सकताहै।

तिल की बोनी मुख्यतः खरीफ मौसम में की जाती है जिसकी बोनी जून के अन्तिम सप्ताह से जुलाई के मध्य तक करनी चाहिये। ग्रीष्मकालीन तिल की बोनी जनवरी माह के दूसरे पखवाडे से लेकर फरवरी माह के दूसरे पखवाडे तक करना चाहिए । बीज को 2 ग्राम थायरम+1 ग्रा. कार्बेन्डाजिम , 2−1 में मिलाकर 3 ग्राम/कि.ग्रा. फफूंदनाशी के मिश्रण से बीजोपचार करें। बोनी कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. तथा कतारों में पौधो से पौधों की दूरी 10 से.मी. रखते हुये 3 से.मी. की गहराई पर करे ।

स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा तथा नत्रजन की आधी मात्रा बोनी करते समय आधार रूप में दें। तथा शेष नत्रजन की मात्रा खड़ी फसल में बोनी के 30-35 दिन बाद निंदाई करने उपरान्त खेत में पर्याप्त नमी हाने पर दे। स्फुर तत्व को सिंगल सुपर फास्फेट के माध्यम से देने पर गंधक तत्व की पूर्ति (20 से 30 कि.ग्रा./है. ) स्वमेव हो जाती है।

## सिंचाई एवं जल प्रबंधन

तिल की फसल खेत में जलभराव के प्रति संवेदनषील होती है। अतः खेत में उचित जल निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीफ मौसम में लम्बे समय तक सूखा पड़ने



एवं अवर्षा की स्थिति में सिंचाई के साधन होने पर सुरक्षात्मक सिंचाई अवष्य करे।

फसल से अच्छी उपज प्राप्त करने के लिये सिंचाई हेतु क्रान्तिक अवस्थाओं यथा फूल आते समय एवं फल्लियों में दाना भरने के समय सिंचाई करे।

## नीदा नियंत्रण

बोनी के 15-20 दिन पश्चात् पहली निंदाई करें तथा इसी समय आवश्यकता से अधिक पौधों को निकालना चाहिये । निंदा की तीव्रता को देखते हुये दूसरी निंदाई आवश्यकता होने पर बोनी के 30-35 दिन बाद नत्रजनयुक्त उर्वरकों का खडी फसल में छिडकाव करने क पूर्व करना चाहिये।

## निबौली का अर्क बनाने की विधि

निबौंली 5 प्रतिशत घोल के लिये एक एकड़ फसल हेतु 10 किलो निंबौली को कूटकर 20 लीटर पानी में गला दे तथा 24 घंटे तक गला रहने दे। तत्पश्चात् निंबौली को कपड़े अथवा दोनों हाथों के बीच अच्छी तरह दबाऐं ताकि निंबौली का सारा रस घोल में चला जाय। अवषेश को खेत में फेंक दे तथा घोल में इतना पानी डालें कि घोल 200 लीटर हो जायें। इसमें लगभग 100 मिली. ईजी या अन्य तरल साबुन मिलाकर डंडे से चलाये ताकि उसमें झाग आ जाये। तत्पश्चात् छिड़काव करें।

## कटाई गहाई एवं भडारण

पौधो की फलियाँ पीली पडने लगे एवं पत्तियाँ झड़ना प्रारम्भ हो जाये तब कटाई करे। कटाई करने उपरान्त फसल के गट्ठे बाधकर खेत में अथवा खालिहान में खडे रखे। 8 से 10 दिन तक सुखाने के बाद लकड़ी के ड़न्डो से पीटकर तिरपाल पर झड़ाई करे। झडाई करने के बाद सूपा से फटक कर बीज को साफ करें तथा धूप में अच्छी तरह सूखा ले। बीजों में जब 8 प्रतिशत नमी हो तब भंडार पात्रों में /भंडारगृहों में भंडारित करें।

## संभावित उपज

उपरोक्तानुसार बताई गई उन्नत तकनीक अपनाते हुऐ काष्त करने एवं उचित वर्षा होने पर असिंचित अवस्था में उगायी गयी फसल से 4 से 5 क्वि. तथा सिंचित अवस्था में 6 से 8 क्वि./है. तक उपज प्राप्त होती है।

## आर्थिक आय - व्यय एवं लाभ अनुपात

उपरोक्तानुसार तिल की काष्त करने पर लगभग 5 क्व./ हे उपज प्राप्त होती है। जिसपर लागत -व्यय रु 16500/ हे के मान से आता है। सकल आर्थिक आय रु 30000 आती है। शुद्व आय रु 13500/ हे के मान से प्राप्त हो कर लाभ आय-व्यय अनुपात 1.82 मिलता है।

## अधिक उपज प्राप्त करने हेतु प्रमुख बिंदु

कीट एवं रोग रोधी उन्नत किस्मों के नामें टीके.जी. 308,टीके.जी. 306, जे.टी-11, जे.टी-12, जे.टी.एस.-8 ्र बीजोपचार-बीज को 2 ग्राम थायरम.1 ग्रा. कार्बेन्डाजिम 2−1 में मिलाकर 3 ग्राम/कि.ग्रा.द्ध नामक फफूंदनाशी के मिश्रण से बीजोपचार करें।

बोनी कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. तथा कतारों में पौधों से पौधों की दूरी 10 से.मी. रखते हुये 3 से.मी. की गहराई पर करे ।

अन्तवर्तीय फसल तिल उड़द/मूंग 2−2, 3−3द्ध तिल. सोयाबीन 2−1, 2−2 द्ध को अपनायें।

## सिंचाई एवं जल प्रबंधन

तिल की फसल खेत में जलभराव के प्रति संवेदनषील होती है। अतः खेत में उचित जल निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीफ मौसम में लम्बे समय तक सूखा पड़ने एवं अवर्षा की स्थिति में सिंचाई के साधन होने पर सुरक्षात्मक सिंचाई अवष्य करे।

## सावधानियां

फसल से अच्छी उपज प्राप्त करने के लिये सिंचाई हेतु क्रान्तिक अवस्थाओं यथा फूल आते समय एवं फल्लियों में दाना भरने के समय सिंचाई करे।

बोनी के 15-20 दिन पश्चात् पहली निंदाई करें तथा इसी समय आवश्यकता से अधिक पौधों को निकालना चाहिये । निंदा की तीव्रता को देखते हुये दूसरी निंदाई आवश्यकता होने पर बोनी के 30-35 दिन बाद नत्रजनयुक्त उर्वरकों का खडी फसल में छिडकाव करने के पूर्व करना चाहिये ।



## संक्षिप्त समाचार

## विराट को किसी भी कीमत पर टी20 टीम में चाहते हैं रोहित शर्मा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर रखने की बात आ रही है। लेकिन रोहित शर्मा इसके पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया है कि विराट कोहली किसी भी कीमत पर टी20 वर्ल्ड कप टीम में होने चाहिए। यह दावा वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ी ने की है।विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबर तेजी से फैली थी। लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आाद ने इस खबर को गलत बताया है। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ी का कहना है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह को बताया है कि टीम को हर हाल में कोहली की जरूरत है।

जून में खेला जाएगा टी20 वर्ल्ड कप

विराट कोहली को ना लेने की खबर इसलिए आई क्योंकि सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई सिलेक्टर्स को लगता है कि कोहली टी20 फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।आईपीएल खत्म होने के बाद ही जून 2 से 29 तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से भारत कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है। विराट कोहली करीब दो महीने से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। बेटे की जन्म की वजह से वह लंदन में थे। आईपीएल शुरू होने से पहले विराट कोहली भारत लौट चुके हैं।कोहली को वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबरों को गलत बताते हुए कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि मूर्खों को सिलेक्शन प्रक्रिया में नहीं घुसना चाहिए।

## किंग इज बैक... फैंस के लिए खुशखबरी, भारत लौटे विराट कोहली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली भारत लौट आए हैं। विराट ने करीब दो महीने से ब्रेक पर थी। इसकी वजह से उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था। विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा पिछले महीने मां बनी थी। बेटे अकाय के जन्म की वजह से ही विराट कोहली ने क्रिकेट से छुट्टी लेने का फैसला किया था। अब आईपीएल से विराट कोहली मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।विराट कोहली को एयरपोर्ट पर देखा गया। वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के इवेंट में हिस्सा भी ले सकते हैं। पहले खबर आई थी कि यह शीर्ष क्रम का बल्लेबाज आरसीबी के अनबॉक्स इवेंट से पहले बेंगलुरु में अपने साथियों के साथ शामिल हो सकता है। यह कार्यक्रम 19 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित होने वाला है। आरसीबी का प्री सीजन कैंप भी शुरू हो चुका है और विराट को छोड़कर लगभग सभी खिलाड़ी उसका हिस्सा हैं।

टी20 वर्ल्ड कप से बाहर करने की बात

विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर करने की बात हो रही है। यही वजह है कि उनके लिए आईपीएल काफी महत्वपूर्व होने वाला है। विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। सिर्फ उनके नाम ही लीग में 7000 से ज्यादा रन हैं। टी20 वर्ल्ड कप में भी विराट से ज्यादा रन किसी के नाम भी हैं। लेकिन इसके बाद भी कहा जा रहा है कि विराट की बैटिंग वेस्टइंडीज की धीमी पिच के हिसाब से नहीं है।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और विराट कोहली को अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार भी है। विराट पहले सीजन से ही आरसीबी का हिस्सा हैं। इसके बाद भी टीम अभी तक खिताब नहीं जीत पाई है। 2016 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में ही टीम फाइनल तक पहुंची थी।

## पंजाब किंग्स ने लांच की नई जर्सी, प्रीति जिंटा रहीं मौजूद




**चंडीगढ़,एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी टीम की नई जर्सी को शनिवार को चंडीगढ़ के एलांते मॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में लांच किया। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन के साथ टीम की सह-मालिक प्रीति जिंटा मौजूद रही। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ के साथ टीम के अन्य सदस्यों भी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्लैमर और मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पंजाब किंग्स की सह मालिक प्रीति जी जिंटा ने कहा हमने टीम नई जर्सी लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। नई जर्सी में शामिल नए रंग पंजाब की भावनाओं को दर्शातें। इस नई जर्सी में टीम के खिलाड़ी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। नई जर्सी के लिए कपड़ा वियतनाम से आयात किया गया है यह हल्का और अधिक स्ट्रेचेबल है। नई जर्सी से साथ टीम का नेतृत्व करने को तैयार पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा नई जर्सी में में और मेरी पूरी तरह से तैयार है।

इस सीजन में हमारे पास एक शानदार टीम है जो आईपीएल के मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देगी। हम नई जर्सी के साथ मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हैं। जर्सी के कंधे के ब्लेड पर भारतीय तिरंगा है जो हमारे राष्ट्र और हमारे सम्माननीय सशस्त्र बलों के प्रति एक श्रद्धांजलि है।

## डेब्यू सीजन में हैरी केन ने रचा इतिहास, तोड़ा 60 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दोनों टीमों के बीच जारी इस मैच में डार्मस्टेड ने 28 मिनट के खेल के बाद बायर्न को चौंका दिया था। टिम स्कार्के ने अपनी टीम को जर्मन चैंपियन के खिलाफ एक अविश्वसनीय उलटफेर की उम्मीद दिला दी थी। हालांकि, केन ने बायर्न को हाफ टाइम से पहले ही बढ़त दिला दी, मुसियाला के 36वें मिनट के गोल में मदद की और फिर अपना एक गोल किया। हैरी केन ने डेब्यू सीजन में सर्वाधिक गोल करने का 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि जमाल मुसियाला ने दो बार गोल किया जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को डार्मस्टेड में 5-2 से जीत दर्ज की। स्पर्स से



आने के बाद से 26 लीग खेलों में 31 गोल के साथ, केन ने जर्मन दिग्गज उवे सीलर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1963-64 में हैम्बर्ग के लिए 30 गोल किए थे। मुसियाला ने भी टीम की इस जीत में सहायता की, जिससे बायर्न की बुंडेसलीगा खिताब की रक्षा करने की उम्मीदें एक बार फिर जीवित हो गई। बायर्न फिलहाल बायर लीवरकुसेन से सात अंक पीछे हैं। बायर्न के कप्तान मैनुएल नेउर ने कहा, हम इसमें बने हुए हैं। हमने कुछ मौके पाने के लिए कड़ी मेहनत की और हमने उन्हें हासिल कर लिया। हालांकि, वह डार्मस्टेड के खिलाफ उनकी टीम के खाते में आए दो गोल से निराश दिखे। गोलकीपर ने कहा, हम सभी को इस पर काम करने की जरूरत है। दोनों टीमों के बीच जारी इस मैच में डार्मस्टेड ने 28 मिनट के खेल के बाद बायर्न को चौंका दिया था। टिम स्कार्के ने अपनी टीम को जर्मन चैंपियन के खिलाफ एक अविश्वसनीय उलटफेर की उम्मीद दिला दी थी। हालांकि, केन ने बायर्न को हाफ टाइम से पहले ही बढ़त दिला दी, मुसियाला के 36वें मिनट के गोल में मदद की और फिर अपना एक गोल किया। दूसरे हाफ के बीच में मुसियाला ने एक और गोल किया। सर्ज ग्नब्री ने बेंच से बाहर आने के तुरंत बाद गोल करके जीत पक्की कर दी। बायर्न के मैथिस टेल और डार्मस्टेड के ऑस्कर विल्हेमसन दोनों ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया।

### गुलवीर सिंह ने रचा इतिहास

## 10000 मीटर दौड़ में तोड़ दिया 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियन गेम्स के ब्रॉन्ज मेडल विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया. 25 वर्षीय एथलीट गुलवीर सिंह ने अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा. एशियन गेम्स के ब्रॉन्ज मेडल विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया. 25 वर्षीय एथलीट गुलवीर सिंह ने अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा. गुलवीर सिंह का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था. पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया.इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे. उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है. भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए.

# ये पांच बड़े रिकॉर्ड ब्रेक कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह

### मलिंगा और हरभजन के कीर्तिमान पर भी नजर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आगामी सीजन में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए कई बड़े रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर सकते हैं। जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के बहुत ही अहम खिलाड़ी हैं। वह पांचों बार उस टीम का हिस्सा रहे हैं जब मुंबई ने चैंपियन का टाइटल जीता है। जसप्रीत बुमराह इस फ्रेंचाइजी के साथ 10 से अधिक का सफर तय कर चुके हैं। मुंबई इंडियंस ने 2013 में बुमराह को अपने साथ जोड़ा था। भारतीय क्रिकेट टीम में बुमराह को सफलता मिलने का श्रेय कहीं न कहीं आईपीएल को ही जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग के स्टार गेंदबाज पर एकबार फिर हर किसी की निगाहें टिकी हैं। बुमराह आगामी सीजन में कुछ बड़े रिकॉर्ड्स को तोड़ सकते हैं। आइए एक नजर उन रिकॉर्ड्स पर डालते हैं।

### मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट ले सकते हैं बुमराह

वर्तमान में यह रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा के नाम है। मलिंगा ने 122 आईपीएल मैचों में 19.79 की औसत से 170 विकेट लिए हैं। वहीं बुमराह अभी दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह ने 2023 तक 120 मैचों में 145 विकेट लिए हैं। उन्हें मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 26 विकेट की जरूरत है।

यह रिकॉर्ड भी अभी लसिथ मलिंगा के नाम है। इस श्रीलंकाई गेंदबाज ने 2011 में 28 विकेट लिए थे। वहीं बुमराह 2020 में 27 विकेट ले चुके हैं। उस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कगिसो रबाडा ने 30 विकेट लेकर पर्पल जीती थी। बुमराह इस रिकॉर्ड को भी ब्रेक कर सकते हैं।

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह अभी इस मामले में पहले स्थान पर हैं। हरभजन सिंह ने मुबंई के लिए खेलते हुए 136 मैचों में 486.3 ओवर फेंके हैं। लसिथ मलिंगा इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। मलिंगा ने 471.1 ओवर फेंके हैं जबकि जसप्रीत बुमराह इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह 2023 तक 457.4 ओवर डाल चुके हैं।

### मुंबई के लिए सबसे ज्यादा मेडन ओवर

आईपीएल में सबसे ज्यादा मेडन ओवर (14) पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार के नाम है। दूसरे स्थान पर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (12) हैं। मुंबई की ओर से लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दोनों ने ही 8-8 मेडन ओवर निकाले हैं।

### मुंबई के लिए सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज

मुंबई इंडियंस की ओर से 6 गेंदबाजों ने आईपीएल में 5 विकेट हॉल लिया है जिनमें से एक बुमराह भी हैं। बुमराह इस सीजन में अगर एक और 5 विकेट हॉल ले लेते हैं तो वह सबसे अधिक 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

## हार्दिक का खुलासा, वर्ल्ड कप 2023 के दौरान मुझे इंजेक्शन पर इंजेक्शन लगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उनको वर्ल्ड कप 2023 के दौरान एंकल इंजरी हुई थी। इसके कारण वे करीब चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे। हालांकि, मार्च की शुरुआत में वे मुंबई में एक लोकल टी20 टूर्नामेंट में खेले और अफनी फिटनेस साबित की। अब वे आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले हैं, लेकिन इससे पहले उन्होंने बताया है कि वर्ल्ड कप 2023 वापसी करने के लिए उन्होंने इंजेक्शन पर इंजेक्शन लिए, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। हार्दिक पांड्या ने कहा, मैंने मैनेजमेंट से कहा था कि मैं 5 दिन बाद लौटूंगा, फिर मैंने अपने टखने पर तीन जगह इंजेक्शन लगवाए, मुझे अपने टखने से खून निकालना पड़ा, मैं सबकुछ देना चाहता था, फिर जैसे-जैसे मैं जोर लगा रहा था, वैसे-वैसे ये होता गया। 3 महीने की चोट, मैं चलने में सक्षम नहीं था फिर भी मैं आखिरी बार आगे बढ़ने के लिए 10 दिनों तक दर्द निवारक दवाएं ले रहा था, क्योंकि अपने देश के लिए खेलना सबसे बड़ा गौरव है, लेकिन मैं मिस कर गया।बैटिंग ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को वर्ल्ड कप 2023 के टीम इंडिया के चौथे लीग मैच में चोट का सामना करना पड़ा था। कहा जा रहा था कि कुछ ही मैचों को मिस करने के बाद वे लौटेंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। यहां तक कि खुद हार्दिक पांड्या भी यही सोच रहे थे कि वे 10 दिन में ठीक हो जाएंगे, लेकिन ये संभव नहीं हुआ। हार्दिक पांड्या की वजह से टीम कॉम्बिनेशन पर असर पड़ा, लेकिन जैसे ही मोहम्मद शमी की वापसी प्लेइंग इलेवन में हुई तो उन्होंने हार्दिक की कमी को महसूस ही नहीं होने दिया। शमी ने लगातार विकेट निकाले। हालांकि, फाइनल मैच भारत की टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई।




## पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय हॉकी टीम में हुआ बड़ा बदलाव, दिग्गज को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम फिलहाल भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए, तैयार करेंगे।पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय हॉकी टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। पुरुष टीम की तैयारियों में मदद के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल की एक बार फिर सहयोगी स्टाफ में वापसी हुई है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय गोलकीपरोंखाना चाहिए के साथ काम कर चुके हैं। पहली बार वह 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम फिलहाल भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर



काम करेंगे और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे।मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है। ओलंपिक में फिर से पोडियम पर पहुंचने की उनकी कवायद में हॉकी इंडिया सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं मिलें।वान डी पोल ने पिछले साल एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम के लिए जुलाई और सितंबर में दो विशेष शिविर आयोजित किए थे। टिर्की ने आगे कहा, हमें डेनिस को टीम से जोड़कर खुशी हो रही है जो लगभग चार वर्षों से गोलकीपरों के इस समूह के साथ काम कर रहे हैं तथा जानते हैं कि उन्हें बेहतर बनाने के लिए किस तरह के बदलाव करने की जरूरत है।

## सिनर के लगातार 19 जीत का विजयी रथ थमा, अल्कराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन को हराया


**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिनर के पिछले 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई। इसके साथ ही उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिनर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है।इटली के यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता है। जनवरी में उन्होंने मेदवेदेव को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। सेमीफाइनल में तब उन्होंने नोवाक जोकोविच पर जीत हासिल की थी। अल्कराज के खिलाफ सिनर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया।

# संदीप रेड्डी वांगा पर भड़के जावेद अख्तर





बॉलीवुड के मशहूर गीतकार जावेद अख्तर और एनिमल डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के बीच ठनाठनी बरकरार है। एक बार फिर से इनके बीत वाक् युद्ध देखने को मिला। संदीप ने जावेद साहब के रिएक्शन पर कमेंट किया था। उसी का जवाब अब गीतकार ने अपने अंदाज में दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्टेड फिल्म एनिमल को रिलीज हुए अब तो साढे तीन महीने हो गए हैं लेकिन ये अभी भी खबरों में बनी हुई है। रणबीर कपूर, अनिल कपूर और बॉबी देओल स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भले अच्छा कलेक्शन किया हो। लेकिन लोगों के तीखे वार का प्रहार जारी है। गीतकार जावेद अख्तर ने भी इस मूवी की आलोचना की थी। उन्होंने इस फिल्म को खतरनाक कहा था और संदीप रेड्डी वांगा ने रिएक्ट किया था। अब उनका जवाब देते हुए फिर जावेद अख्तर बोले हैं। जावेद अख्तर ने एक इवेंट में एनिमल के बारे में कहा था कि अगर कोई ऐसी फिल्म है जिसमें कोई पुरुष किसी महिला से अपने जूते चाटने के लिए कहता है या कोई पुरुष कहता है कि महिला को थप्पड़ मारना ठीक है... और फिल्म सुपरहिट है, तो यह खतरनाक है। इसके बाद संदीप रेड्डी वांगा ने पलटवार किया और कहा कि लोग इस तरह के आर्ट वर्क पर कीचड़ उछालने से पहले अपने आस-पास की चीजों को नहीं देखते। जावेद साहब के बेटे फरहान अख्तर की मिर्जापुर बनाते वक्त क्यों कुछ नहीं कहा। तेलुगू में देखने के बाद तो उल्टी आती है।



# तृप्ति ने बताई सुंदरता की परीभाषा

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी फिल्म एनिमल के बाद लगातार सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री के हद से ज्यादा बोल्ड लुक में सोशल मीडिया पर खूब लाइमलाइम बटोरी। अगली बार वह कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 में स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इससे पहले हाल ही में वह मुंबई में लैक्मे फैशन वीक में शांतनु और निखिल के लिए शोस्टॉपर बनीं। उन्होंने दोनों डिजाइनर के साथ अपने सहयोग पर अनुभन साझा किया है।

तृप्ति डिमरी ने कहा कि इस डिजाइनर जोड़ी के लिए रैंप पर चलना उनके लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने इनके साथ काम करने का अपना अनुभव शानदार बताया है। शो के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिमरी ने कहा, आत्मविश्वासपूर्ण होना और स्वाभाविक रूप से शक्तिशाली होना खुद में एक सुंदरता है।

एक आत्मविश्वासी महिला से अधिक सुंदर और कुछ भी नहीं है और मुझे लगता है कि यह शो इसके लिए हमेशा खड़ा है। रैंप वॉक के दौरान तृप्ति काले रंग की ऑफ शॉल्डर टॉप और ग्रेस रंग की स्कर्ट में नजर आईं। उन्होंने हाथों में दस्तानों के साथ अपने लुक को पूरा किया था। बिना ज्वेलरी स्मोकी आंखों के मेकअप के साथ वह बेहद स्टनिंग दिख रही थीं। सोशल मीडिया पर फैंस को तृप्ति डिमरी का ये लेटेस्ट लुक बेहद पसंद आ रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निखिल मेहरा ने जीवन और काम में टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे माता-पिता ने हमें एक टीम की तरह पाला है। शांतनु और मैं जब से बच्चे थे, तब से हम एक साथ रहे हैं और यह सब हमारे माता-पिता के कारण है। उन्होंने हमेशा हमें यह समझाया कि आप अपने दम पर कुछ भी नहीं कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पूरी टीम को एक बड़ा परिवार बताया।

'पुष्पा' के 'ऊ अंटावा' गाने को लेकर सामंथा का खुलासा, बोलीं-

# दोबारा कभी नहीं करूंगी



साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस को पहली बार 'पुष्पा' के जरिए डांस नंबर करते हुए देखा गया था। इसमें उन्होंने 'ऊ अंटावा' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया था। पहली बार ही आइटम नंबर किया था। इसके बाद उन्होंने फिर से डांस नंबर करने से मना कर दिया है। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस की ओर से कहा गया कि वो इस गाने के लिए पहले शॉट में ही कांप गई थीं, जिसके बाद अब डांस नंबर नहीं करने का फैसला किया है। दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2024 में पहुंची थीं।

इस दौरान एक्ट्रेस ने 'ऊ अंटावा' और 'द फैमिली मैन' में काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि 'ऊ अंटावा' और 'द फैमिली मैन' में राजी की भूमिका निभाने में उनका डिसिजन एक जैसा ही था। 'पुष्पा' के डांस नंबर को लेकर एक्ट्रेस कहना था कि उन्होंने इसमें इसलिए काम करने का फैसला किया था कि वो एक नई शैली तलाश सकें। हालांकि, वो इस गाने को करने में शुरुआत में काफी कंफर्टेबल महसूस हो गई थीं।

इस गाने को शूट के दौरान साउथ एक्ट्रेस को खुद पर कॉन्फिडेंस नहीं आ पा रहा था। इतना ही नहीं सामंथा ने आगे बताया कि उन्होंने हमेशा से ही ये सोचकर काम किया है कि वो सुंदर नहीं है। उनका मानना है कि वो दूसरी लड़कियों की तरह नहीं दिखती हैं।

ऐसे में उनके लिए 'ऊं अंटावा' गाना बड़ी चुनौती था। इसके पहले शॉट में वो बुरी तरह से डर के कांप रही थीं। उनके लिए गाने में सेक्सी लगना आसान बात नहीं थी। गाने को लेकर सामंथा ने बताया कि इस गाने में परफॉर्म करना उनके लिए कुछ ऐसा था, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया था।

# बेटे वेदांग की अन्य स्टार किड्स से तुलना पर भड़के आर माधवन

अभिनेता आर माधवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म रिलीज हो गई और आर माधवन के किरदार ने दर्शकों की खूब तारीफें भी बटोरी हैं, अभिनेता के लुक ने दर्शकों को पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया। आर माधवन के खौफनाक अवतार की दर्शक जमकर तारीफ कर रहे हैं और फिल्म को देखने के लिए उनका उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। अब



हाल ही में, आर माधवन ने नेपोटिज्म पर अपनी राय साझा की है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। आर माधवन ने हाल ही में खुलासा किया कि अपने बेटे वेदांत को वह सबसे अलग मानते हैं और भाई-भतीजावाद की बहस के बीच फिल्म इंडस्ट्री में बाकी स्टार किड्स से उनकी तुलना पर वह और उनकी पत्नी काफी निराश भी हैं। अभिनेता का मानना है कि वेदांत अपनी काबिलियत से अपनी पहचान बनाने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे मीम्स और पोस्ट को देखते हैं। हालांकि, वह ऐसे मीम्स का समर्थन नहीं करते हैं। बता दें कि माधवन के बेटे वेदांत एक तैराक हैं, जिन्होंने दुनिया भर में कई मेडल जीते हैं। उन्होंने 48वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण पदक और 3 रजत पदक जीते। पिछले साल मलेशियाई ओपन में उन्होंने भारत के लिए 5 गोल्ड मेडल जीते थे। आर माधवन ने कहा, सरिता और मैं इससे बहुत खुश नहीं हैं। एक बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से करने पर हमें अफसोस है। देखिए मीम्स हंसने और आनंद लेने के लिए होते है। हालांकि, मैं इनका बिल्कुल भी समर्थन नहीं करता हूं। मुझे लगता है कि यह मीम्स कई बार बहुत लोगों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। एक सेलिब्रिटी का बच्चा होना आसान नहीं है। वह अपने ज्यादातर दोस्तों की तुलना में बहुत अच्छा कर रहे हैं। आर माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेता के पास इस साल चार फिल्में पाइपलाइन में हैं। आर माधवन फिल्म शैतान के अलावा फिल्म टेस्ट में काम करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ साउथ अभिनेत्री नयनतारा नजर आएंगी।



# कृति सैनन बोलीं, क्रू पुरुषों की आलोचना वाली नहीं, कॉमेडी फिल्म है

फिल्म क्रू रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री कृति ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म किसी मुद्दे या पुरुषों की आलोचना नहीं करती, बल्कि दर्शक देखेंगे कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। फिल्म क्रू का ट्रेलर शनिवार को लॉन्च किया गया। ट्रेलर में कॉमेडी की झलक देखने को मिलती है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। तीनों एयर होस्टेस (करीना, तब्बू और कृति सैनन) एक डकैती को अंजाम देने के लिए रोमांचक यात्रा पर निकलती हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान कृति ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें ज्यादातर पुरुषों के साथ काम करने का मौका मिलता है। वास्तव में महिलाओं के साथ काम करना बहुत ताजगी भरा एहसास था। तब्बू और करीना कपूर के साथ काम करने का बहुत ही शानदार एक्सपीरियंस रहा है। कृति सैनन ने आगे कहा कि मुझे लगता है, जब भी महिलाओं या लड़कियों वाली कोई फिल्म रिलीज होती है, तो हर कोई सोचता है कि यह बहुत गंभीर है या कोई मुद्दा होगा या पुरुषों की आलोचना होगी, वगैरह-वगैरह। इसलिए, इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है। आप देख सकते हैं कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। मैं सचमुच उम्मीद करती हूं कि आप सभी को यह पसंद आएगी।

# विजय देवरकोंडा-मृणाल ठाकुर की फैमिली स्टार की शूटिंग पूरी



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फैमिली स्टार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। परशुराम पेटला द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है, जा अब पूरा हान का कगार पर है। विजय देवरकोंडा ने पोस्ट साझा करते हुए फैंस को फिल्म का फिल्मांकन पूरा होने की खुशखबरी दी। अब यह फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म की रिलीज को एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में फिल्म को लेकर प्रचार तेज हो गया है। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के टीजर के साथ-साथ इसका दूसरा सिंगल साझा किया था। वहीं अब, विजय देवरकोंडा ने सोशल मीडिया पर एक मनमोहक वीडियो साझा करते हुए घोषणा की है कि फिल्म ने अपना फिल्मांकन पूरा कर लिया है। वीडियो में तीन पैनल दिखाए गए, जिनमें बीच में परशुराम पेटला, मृणाल ठाकुर और कुशी अभिनेता खड़े थे, और अन्य दो उन्हें गले लगा रहे थे। अभिनेता ने यह भी बताया कि फिल्म पांच अप्रैल को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी। वीडियो के साथ कैप्शन में विजय ने लिखा, और यह फिल्म का अंत है। आप सभी से पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में मिलेंगे। हम सभी बेहद उत्साहित हैं।

साउथ में करीना का डेब्यू

# यश के साथ टॉक्सिक में आ सकती हैं नजर



करीना कपूर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द क्रू को लेकर जबरदस्त चर्चा में बनी हुई हैं। इन चर्चाओं के साथ ही करीना को लेकर सिने गलियारों में करीना के साउथ डेब्यू को लेकर भी चर्चा हो रही है। प्राप्त समाचारों के अनुसार करीना साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक डेब्यू करने जा रही हैं। मूल रूप से कन्नड़ भाषा में बनने वाली इस फिल्म को पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किसा जाएगा। यह कन्नड के साथ ही तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिन्दी में प्रदर्शित होगी। करीना ने जूम कॉल पर अपने फैंस से बातचीत की है। इस दौरान करीना ने फिल्म का बिना नाम लिए कहा कि मैं एक बहुत बड़ी साउथ की फिल्म करने जा रही हूं। अब ये पैन इंडिया फिल्म है तो मुझे नहीं पता कि शूटिंग कहां होगी। मैं अपने सभी फैंस को यह बताने के लिए काफी एक्साइटेड हूं कि यह पहली बार है, जब में ऐसा कुछ करूंगी। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से फिल्म में करीना को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही यश ने अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक का ऐलान किया था। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनर गीतू मोहनदास डायरेक्ट करेंगे। वहीं करीना की अपकमिंग फिल्म क्रू की बात करें तो ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। क्रू एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। फिल्म में ये तीनों हसीनाएं एयर होस्टेसेज के किरदार में हैं, जो अपनी जिंदगी से काफी परेशान हैं। ये तीनों अपनी लाइफ में कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन वह बार बार उसी सिचुएशन में आ जाती हैं जिससे वह भाग रही हैं।

# वरुण ने फिर शुरू की बेबी जॉन की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने फिल्म की शूटिंग से ब्रेक लिया था। वहीं अब उन्होंने फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। दरअसल, उन्होंने फिर से बेबी जॉन की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता वरुण धवन ने आज रविवार, 17 मार्च को अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म बेबी जॉन की शूटिंग फिर से शुरू कर दी।



उन्होंने सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए एक तस्वीर साझा की। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वरुण ने अपने फैंस के साथ यह खबर साझा करते हुए लिखा कि वह बेबी जॉन के सेट पर वापस आ गए हैं। तस्वीर में वरुण को कैमरे की ओर पीठ करते हुए देखा गया। उन्होंने अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। इससे पहले वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा था, कसकर पकड़ें, यात्रा जंगली होने वाली है । बेबी जॉन 31 मई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है। पोस्टर में वरुण काले रंग की बनियान पहने, लंबे बाल और हाथ में चाकू पकड़े हुए हैं। वहीं, फिल्म के पोस्टर पर लिखा था, जब किसी जानवर के पास अपने क्रोध के प्रति जवाबदेह शक्ति हो तो वह मनुष्य से अधिक क्रूर नहीं होता।